


दैनिक
# भरोसा मित्र
धनतेरस की शुभकामनाएं
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की




सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ P3

वर्ष:1 ■ अंक: 62 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शुक्रवार ■ 10 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### हरियाणा में स्कूलों का समय बदला

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में स्कूलों का समय बदला दिया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। दिवाली के बाद 15 नवंबर से हरियाणा के सिंगल शिफ्ट स्कूलों का समय सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 तक का होगा। अब तक यह समय सुबह 8 से दोपहर 02.30 तक था। यानी सुबह आठ बजे स्कूल खुलते थे और 2.30 बजे छुट्टी होती थी। डबल शिफ्ट वाले स्कूलों में पहली शिफ्ट का समय अब सुबह 7.55 बजे से दोपहर 12.30 तक का रहेगा। इसके अलावा डबल शिफ्ट वाले स्कूलों में दूसरी शिफ्ट का समय दोपहर 12.40 से शाम 5.15 तक रहेगा।

### अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन

**अयोध्या:** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अयोध्या में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अयोध्याजी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के गठन को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही अयोध्या के माझा जमथरा गांव में 25 एकड़ भूमि पर भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अयोध्या में मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में 14 प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

### इजराइल का दावा : हमास के 60 कमांडरों को मारा, 130 सुरंगे तबाह

**तेलअवीव :** इजराइली सेना ने दावा किया है कि 7 अक्टूबर से लेकर अब तक उसने हमास के करीब 60 नेताओं और कमांडरों को मार है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार इजराइली सेना ने गाजा में हमास के चीफ याह्या सिनवार को उसके बंकर में अलग-थलग कर दिया है। वह बंकर के बाहर की दुनिया से पूरी तरह से कट चुका है। बताया गया कि जमीनी ऑपरेशन की शुरुआत से वो अब तक 130 सुरंगों को तबाह कर चुकी है। टाइम्स ऑफ इजराइल का कहना है कि सीरिया में ईरान समर्थित ग्रुप से जुड़े 12 लोग गुरुवार को पूर्वी शहर डेर एजोर पर अमेरिकी हमले में मारे गए। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि जंग के बाद गाजा को वेस्ट बैंक के साथ मिला देने चाहिए, ताकि यहां फिलिस्तीनियों की सरकार बन पाए। गाजा में भी वेस्ट बैंक की तरह फिलिस्तीनियों को साथ लाकर अथॉरिटी तय की जानी चाहिए।

# जगाधरी व यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में मिलेगी एमआरआई की सुविधा : सीएम

## इस टेस्ट के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा दूर : मनोहर लाल

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

यमुनानगर। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जगाधरी व यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में एमआरआई की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अब लोगों को इस चिकित्सा के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा जगाधरी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री ने जेबीटी टीचर की जिला में स्कूल व ब्लॉक अलॉट करने की मांग पर उन्हें आश्वस्त किया कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसको ध्यान में रखते हुए आपके हित में कार्य किया जाएगा।

पर नहीं खड़ी होने चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि जगाधरी क्षेत्र की शहरों में सड़कों पर लकड़ियों की ट्रालियां खड़े होने की समस्या है, इसके समाधान के लिए पुलिस व नगर निगम को रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों के बाद यहां पर सड़कों पर कोई भी ट्रालियां खड़ी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जगाधरी शहरी क्षेत्र के तहत बाजारों में स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य को भी अगले तीन महीनों में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए 41 हजार प्वाइंट चिन्हित कर लिए गए हैं। फरवरी 2024 तक इन्हीं सभी जगहों पर ये लाइटें लग जाएगी।





### 10 पात्रों को पेंशन के पत्र वितरित

वहीं जनसंवाद के दौरान 10 ऐसे लोग जिनकी उम्र 60 साल उम्र हो गई थी उनको मौके पर ही पेंशन संबंधी पत्र वितरित किए गए। मनोहर लाल ने कहा जगाधरी क्षेत्र के तहत 13 हजार 700 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। जगाधरी क्षेत्र में लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है और इस पर 44 करोड़ 78 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।

# पराली पर सख्त हुई हरियाणा सरकार

## विभिन्न जिलों में 44 जगहों पर फायर ब्रिगेड भेजकर आग पर पाया गया काबू

■ 72 किसानों पर मामला दर्ज, 32 लाख जुर्माना वसूला

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। हरियाणा के जिलों में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर मनोहर सरकार सख्त बरतते हुए प्रदेश में पराली को लेकर एक्स-टू प्रबंधन प्रणाली-2023 लागू कर दी गई है। ताजा जानकारी के अनुसार अब तक 44 जगहों पर फायर ब्रिगेड भेजकर पराली की आग बुझाई जा चुकी है। साथ ही पराली जलाने वाले 72 किसानों के खिलाफ एफआई दर्ज की गई है। किसानों से 32.55 लाख रुपए का किसानों से जुर्माना वसूला गया है। हरियाणा सरकार की ओर से दावा किया गया है कि 2022 की तुलना में 2023 में पराली जलाने की घटनाओं में 38 प्रतिशत की कमी आई है और पिछले दो वर्षों में 57 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

सरकार की ओर से आग पर काबू न पाने के लिए उपायुक्त और स्टेशन हाउस ऑफिसर को जिम्मेदार ठहराने के निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार ने खेतों में आग के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 1256 चालान जारी किए हैं। गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 व्हीलर) पर तत्काल प्रभाव से 30 नवंबर तक या वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जीआरएपी स्टेज 3 को रद्द किए जाने तक प्रतिबंध लगा दिया है।





### दस लाख वाहनों को किया कलर-कोड

एनसीआर जिलों में पंजीकृत वाहनों पर होलोग्राम आधारित रंगीन स्टिकर लगाने के संबंध में सरकार की ओर से कहा गया है कि 14 नवंबर 2018 से 31 जनवरी 2023 के बीच एनसीआर के जिलों में लगभग 10 लाख वाहनों को कलर-कोड किया गया है। विभिन्न पराली प्रबंधन योजनाओं के लिए 600 करोड़ की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।

# हरियाणा पुलिस के एसपीओ का दो हजार रुपए मानदेय बढ़ाया

■ सरकार से की गई थी 10 हजार बढ़ाने मांग

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुलिस के विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को बड़ा दीपावली गिफ्ट दिया है। सीएम ने उनको हर माह मिलने वाले मानदेय में दो हजार रुपए की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। अभी तक इन्हें 18 हजार रुपए मिलते थे, लेकिन अब सीएम की घोषणा के बाद 20 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।

हरियाणा में लगभग नौ हजार एसपीओ की तैनाती पुलिस विभाग में की गई है। सीएम ने उनके द्वारा दी जाने वाले सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुए राज्य में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में उनके कामों की सराहना की है।

हरियाणा पुलिस में बतौर एसपीओ काम कर रहे कर्मचारी लंबे समय से अपना मानदेय 28 हजार रुपए करने की मांग कर रहे हैं।

इसके लिए वह सरकार के तमाम मंत्रियों से लेकर विधायकों के दरबार में अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन अभी तक उनकी मांग को लेकर कोई फैसला सरकार ने नहीं किया था। एसपीओ की सरकार से मांग थी कि उनके मानदेय में 10 हजार रुपए की बढ़ोत्तरी की जाए, लेकिन सीएम मनोहर लाल ने अब दिवाली के मौके पर उनके मानदेय में सिर्फ 2000 रुपए की बढ़ोतरी की है।

### कैसे हुआ था एसपीओ का गठन

हरियाणा में वर्ष 1999 से 2005 के दौरान इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के शासनकाल में हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स बनाई गई थी। इसमें तकरीबन 3500 युवाओं को नौकरी दी गई थी। उसी बीच विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई। चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलने के बाद मार्च 2005 में मुख्यमंत्री बनते ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस फोर्स को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद 2014 में हरियाणा में मनोहर सरकार ने हुड्डा द्वारा निकाले गए बाकी लोगों को पुलिस में बतौर विशेष पुलिस अधिकारी के तौर पर भर्ती किया। इन्हीं लोगों को पिछले लंबे समय से 18 हजार रुपए प्रतिमाह का मानदेय मिल रहा है जिसे ये लोग बढ़ाकर 28 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग की थी।

# जहरीली शराब के मामले में कांग्रेसी नेता और जजपा नेता के बेटे सहित सात लोग गिरफ्तार

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

यमुनानगर। जिले में जहरीली शराब से आठ व्यक्तियों की मौत के बाद पुलिस और प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। हैरत की बात है कि इनमें एक कांग्रेस का नेता और अन्य जेजेपी नेता का बेटा है।इस मामले में आठवीं मौत गुरुवार देर शाम हो हुई। पुलिस के अनुसार यमुनानगर और अंबाला जिले में नकली शराब बनाने का काम चल रहा है। दो साल पहले भी पकडी गई थी नकली शराब की फैक्टरी। इसका ताजा शिकार कल कुछ लोग बन गए। बता दें कि यमुनानगर मंडेबरी और पंजेटो के माजरा के बाद तीसरे गांव फूंसगढ़ में भी एक युवक की मौत हुई है। पहले सात व्यक्तियों की मौत हुई है, जबकि 3 अन्य का इलाज चल रहा है। सभी प्रभावित मजदूरी का काम करते थे।



गुरुवार को आठवें व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। आबकारी विभाग ने उस शराब के ठेके को सील कर दिया है, जहां से यह जहरीली शराब खरीदी गई थी। यह शराब का ठेका तीन-चार गांवों के बीच में है। साथ ही पुलिस व फोरेंसिक टीम ने दोनों गांवों में श्मशान घाट में पहुंच कर मृतकों से जुड़े सेंपल लिए। इससे पहले मृतकों का बुधवार को गुपचुप तरीके से बिना पोस्टमॉर्टम के ही अंतिम संस्कार कर दिया गया था। हालांकि इसमें भी मौत के कारण की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परिवार व ग्रामीणों की मानें तो जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या सात हो गई है। यमुनानगर की एएसपी हिमाद्री कौशिक ने बताया कि कल दो गांव के लोगों की मौत के मामले में आज शराब के ठेके पर पहुंचे और इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। पुलिस विभाग की 4 टीमें इस मामले में लगी हुई हैं। अब तक की जांच में सामने आया है कि जिन लोगों की मौत हुई है, वह ज्यादातर मजदूर का काम करते हैं और उनकी मौत किस वजह से हुई है। इसकी जांच की जा रही है।


### अंबाला में पकड़ी नकली शराब बनाने की फैक्ट्री

पुलिस ने भीधनौरा-बिंजलपुर गांव के पास अवैध शराब बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। बुधवार देररात को छापामारी करके मशीनों सहित खाली ड्रम व 6 बोतल ताजा माल्टा व बैच नंबर 16 नवंबर 21 नकली शराब बरामद कर मामले कीजांच शुरू कर दी है। उधर, मुलाना पुलिस ने एसआई कर्मचंद की शिकायत पर उत्तम, पुनीत, कपिल पंडित, अंकित व अन्य पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। धनौरा गांव में पुरानी कैमिकल की फैक्टरी बनी हुई है। इन दिनों यह बंद हो चुकी है।जिन लोगों ने इसे किराये पर लिया हुआ था वे इसमें जहरीली शराब का अवैध धंधा चला रहे थे। पुलिस टीम ने जब यहां में छापामारी की तो उसे शराब बनाने और पैक करने का सामान मिला। फैक्ट्री में नकली शराब बनाने का पानी, केमिकल, ड्रम, खाली बोतल, रैपर, शराब बनाने की मशीन को गन्ने के खेत में रखा हुआ था। डीएसपी अनिल कुमार के मुताबिक, किसान उत्तम के साथ 10-15 दिन पहले ही हारपिक और केमिकल बनाने के लिए एग्रिमेंट किया था, लेकिन मास्टरमाइंड अंकित यहां अवैध रूप से शराब बना रहा था। पड़ोसी किसानों के कानों तक भी खबर नहीं थी। आरोपी शट्टर बंद करके अवैध रूप से तैयार करते थे। आरोपी अंकित के खिलाफ पहले भी 5-6 मुकदमे दर्ज हैं।

# जहां-जहां कांग्रेस आई तबाही लाई : मोदी

**भोपाल, एजेंसी।**

पीएम मोदी आज छतरपुर के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी वहां तबाई लायी। कांग्रेस के लिए पूरा देश दिल्ली से शुरू होता था और दिल्ली में ही खत्म हो जाता था। कांग्रेस के नेता विदेशी दोस्तों को भारत की गरीबी दिखाने के लिए ले जाते थे। सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस के नेताओं के लिए गरीब एक मजाक बन गया था। कांग्रेस के नेता जिन झुग्गियों में फोटो खिंचाकर वापस आ जाते थे, उन गरीबों को आज मोदी पक्के घर दे रहा है। आज बच्चों को पोषण की चिंता ये गरीब का बेटा मोदी कर रहा है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश को पीछे ले जाएगी। कांग्रेस ने वर्षों तक महिला आरक्षण कानून को लटकाकर रखा। जब हम तीन तलाक पर बिल लेकर आये कांग्रेस ने इसका भी विरोध किया। कांग्रेस ने भगवान राम को काल्पनिक बता दिया था। आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बने इसका विरोध भी कांग्रेस ने किया था। रिवर्स गियर वालों से एमपी के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। आजादी के बाद बूंद-बूंद पानी के लिए किसने तरसाया? उन्होंने कहा कि क्या उस कांग्रेस को सत्ता के लिए तरसाएंगे आप। 100 साल तक सत्ता के लिए तरसाइए, तब इनको पता चलेगा पानी के लिए तरसना क्या होता। दशकों तक जब कांग्रेस की सरकार थी, तब भी केन बेतवा नदियां बहती थीं, फिर इन नदियों को मोदी की इंतजार क्यों करना पड़ा। उनका नेचर है लटकाना, भटकाना, फंसाना। कांग्रेस को हमेशा सिर्फ वोट की फसल की चिंता रही है। किसान के खेत प्यासे हैं इसकी चिंता न कांग्रेस को कल थी, न आज है। जहां-जहां कांग्रेस आई तबाही लाई। कांग्रेस के पास सिर्फ एक पंजा है और पंजा सिर्फ गरीबों से छीनने के काम आता है। कांग्रेस के पंजे से आपको खुद को भी बचाना है और मध्यप्रदेश के भी बचाना है।



■ सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए कांग्रेस के नेताओं के लिए गरीब एक मजाक बन गया था

# पंजाब सरकार कर रही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी : अभय

■ सरकार सोनीपत और पानीपत के मामले के बाद कार्रवाई करती तो यमुनानगर में लोगों की जान नहीं जाती

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने पत्रकारों को बताया कि पराली के लेकर पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है और यह पहली बार नहीं है। पंजाब सरकार को पराली के मुद्दे पर गंभीरता से काम करना चाहिए। प्रदूषण से जहां नवजात बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है वहीं जहरीली गैसों का बुरा प्रभाव इंसान और पशु-पक्षियों पर भी पड़ता है। एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय किसानों को मशीन देकर उनकी सहायता करनी चाहिए, ताकि इसका समाधान निकले। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों की भी कोई गलती नहीं है उन्हें भी अगली फसल बोनी है, लेकिन सरकार किसानों की कोई मदद नहीं कर रही है।

अभय ने कहा कि यमुनानगर में जहरीली शराब से सात लोगों की मौत पर कहा कि अगर सरकार सोनीपत और पानीपत के मामले के बाद कार्रवाई करती तो यमुनानगर में लोगों की जान नहीं जाती। सरकार ऐसे मामलों में आरोपियों को सजा देने की बजाय उन्हें बचाने का काम करती है। कोविड काल में जब लोग अपने घरों से बाहर तक नहीं आ रहे थे, तब भी प्रदेश में शराब की कोई कमी नहीं थी और बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी हुई। यमुनानगर में जो हुआ उसमें सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। अगर सरकार ईमानदार है तो इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस को काम करने की छूट दी जाए तब ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

### लोगों की आवाज कौन उठाएगा

कांग्रेस के संगठन को लेकर कहा कि कांग्रेस अब पार्टी नहीं रही। हरियाणा कांग्रेस अलग-अलग धड़ों में बंट गई है और उनकी लड़ाई खुलकर लोगों के सामने आ गई है। अगर विपक्ष इस तरह ये लड़ेगा तो लोगों की आवाज कौन उठाएगा? उन्होंने कहा कि लोगों को अब हमारी इनेलो पार्टी ही न्याय दिला सकती है। निकाय चुनावों पर कहा कि सरकार निकाय चुनाव से भाग रही है। सरकार को ये चुनाव करवाने चाहिए। इस दौरान इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी भी मौजूद रहे।



### हमारी सरकार बनी तो करवाएंगे जाति जनगणना

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा जातिगत राजनीति करने के सवाल पर कहा कि सबसे ज्यादा जाति-धर्म की बात भाजपा वाले करते हैं। हमारी सरकार आने पर हम हरियाणा में जातिगत जनगणना करवाएंगे ताकी हर जाति के लोगों को उनका अधिकार मिल सके। राम कुमार गौतम जाट के नाम से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राजनीति करनी है तो किसी जाति को टारगेट नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भी एक कार्यक्रम में कहा था कि पंजाबी को चिन्ता करने की जरुरत नहीं, मैं भी इसी समुदाय से हूं।


कार्यक्रम | भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के लिए अभिनंदन समारोह

# विपक्ष हुआ दिशाहीन, कोई मारे आंख और कोई करे घिनौनी बात : विज

### गृहमंत्री बोले, नायब सैनी आज प्रदेश अध्यक्ष पद पर हैं, जोकि पहले की तरह ऊर्जावान है

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

अंबाला। गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार समेत विपक्ष को निशाने पर लिया। गृह मंत्री विज ने कहा कि ये ऐसी घिनौनी बातें करते हैं, जो इनकी मानसिकता को दर्शाती है। कहा कि आईएनडीआईए हमसे मुकाबला करने की सोच रहे हैं, उनकी महिलाओं के प्रति कैसी मानसिकता है। विज ने कहा कि कोई (राहुल गांधी) सदन में फ्लाइंग किस और आंख मार रहा है तो कोई (नीतीश कुमार) महिलाओं के बारे में घिनौनी बात कर रहा है। अरे कैसे लोगों का यह कुणबा इकट्ठा हो गया। वह शहर में आयोजत भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र सांसद नायब सिंह सैनी के लिए अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।इस मौके पर उन्होंने फूल माला पहना सैनी का स्वागत किया और प्रदेशाध्यक्ष सैनी और विधायक असीम गोयल ने गृह मंत्री विज के पांव छूकर आशीर्वाद लिया।



हुडा ग्राउंड में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के साथ-साथ गृह मंत्री अनिल विज, स्थानीय भाजपा विधायक असीम गोयल, स्व. एमपी रतलाल कटारिया की धर्मपत्नी बंतो कटारिया समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी व वर्कर्स उपस्थित रहे।

अनिल विज ने कहा कि विज ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री तक बन सकता है। पहले अंबाला के जिलाध्यक्ष रहे नायब सैनी आज प्रदेश अध्यक्ष पद पर हैं, जोकि पहले की तरह ऊर्जावान है। गृह मंत्री ने मंच से ही विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और उन्हें भ्रष्टाचारी और परिवारवाद पार्टियां बताया। कहा देश में अब लोकसभा और इसके बाद प्रदेश में चुनाव तय है जिनमें निश्चित तौर पर भाजपा विजयी होगी।

# सांसदों, विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों के त्वरित निपटान करें उच्च न्यायालय : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी के लिए स्वतः संज्ञान लेने और मामले दर्ज करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए भी निर्देश के साथ विशेष पीठ का गठन करने को भी कहा गया है।

भारत के मुख्य न्याकयाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को कहा कि सभी उच्च न्यायालयों से जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक सुनवाई की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करें। ये विशेष पीठ राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर निर्देश जारी करेगी। इस काम में वह महाधिवक्ता और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों की सहायता ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट अपने अधिकार क्षेत्र के तहत सभी जिला और सत्र न्यायालयों से इस मुद्दे पर स्थिति रिपोर्ट भी मांग सकते हैं।



■ सुप्रीम कोर्ट का उच्च न्यायालयों को विशेष पीठ गठित करने का आदेश

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमपी-एमएलए के खिलाफ मामलों के त्वरित निपटारे से संबंधित ट्रायल कोर्ट के लिए एक समान दिशानिर्देश बनाना उसके लिए मुश्किल होगा। कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से ऐसे मामलों की प्रभावी निगरानी और निपटान के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने को कहा है।कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई करने वाली अदालतें अहम और बाध्यकारी कारणों को छोड़कर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित न करें। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जन प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग वाली अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों को कई निर्देश जारी किए।

## खबर फटाफट

### प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं: बजरंगी



**सोहना:** व्यापार मंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी ने क्षेत्रवासियों को दिवाली की अग्रिम बधाई देते हुए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है, लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम ट्यूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दिवाली पर बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते हैं। त्योहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा।

### पटाखों के पैसों को गरीबों पर खर्च करें : अग्रवाल



**सोहना :** गुरुवार को अनाजमंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दीपावली के उपलक्ष्य में मिलन समारोह का आयोजन अग्रवालसभा के प्रधान मास्टर सतीश गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। अग्रवाल सभा के संरक्षक सेठ सुभाष बंसल, पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान बालकिशन गोयल, रंगमंच कलाकार प्रदीप गर्ग, प्रहलाद गुप्ता, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल, लाला यादराम आढ़ती, महेश आर्य, व्यापार मंडल संघ के उपाध्यक्ष रोहित गर्ग समेत अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों, अंतरंग समिति सदस्यों समेत आमंत्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के संरक्षक सेठ सुभाष बंसल, पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल तथा मौजूद प्रधान मास्टर सतीश गर्ग तथा व्यापार मंडल संघ के उपाध्यक्ष रोहित गर्ग ने उपस्थित लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दिवाली की सार्थकता है। मौजूद लोगों ने प्रण लिया कि इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएंगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाएं।

### बुराइयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाएं: योगी राघव



**सोहना :** भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़लिया ने दीपावली को दीपों का त्यौहार बताते हुए लोगों से आग्रह किया है कि इस बार बढ़ रहे प्रदूषण के दृष्टिगत वह अपने बच्चों के लिए पटाखे खरीदने की बजाय देशी घी के दीए जलाए और पटाखों से बचाए गए पैसों से निर्धन वर्ग के गरीब बच्चों को दीवाली पर देने के लिए मिठाई खरीदकर गरीब बच्चों को दीवाली पर उपहार में मिठाई देने का काम करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है।

### आज धनतेरस से शुरू होगा पांच दिवसीय दीवाली महापर्व



**सोहना :** मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया का कहना है कि दिवाली महापर्व 10 नवंबर को धनतेरस से शुरू होगा। इस दिन धनतेरस, 11 नवंबर को छोटी दीवाली तो 12 नवंबर को बड़ी दीवाली मनाई जाएगी। 14 नवंबर को गौवर्धन पूजा होगी तो 15 नवंबर को भाईदूज का त्यौहार मनेगा। उन्होने कहा कि त्यौहार चाहे कोई भी हो, अनेकता में एकता को प्रदर्शित कर भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश देते हैं।

### गरीब, अनाथ, बेसहारा बच्चों में बांटें प्यार व मिठाई : घोडारोप




**सोहना :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते हैं।

### खाटूश्याम संकीर्तन में साथियों समेत लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा: रोहित गर्ग



**सोहना:** अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान रोहित गर्ग ने गुरुवार को श्याम परिवार की तरफ से 16 नवंबर को आयोजित किए जा रहे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में सोहना से अधिक से अधिक लोगों को सपरिवार आयोजन स्थल जिमखाना क्लब पर ले जाने के लिए अपने साथियों समेत जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक कन्हैया मित्तल, रीतू पांचाल, भावना स्वरांजलि, राज भैय्या और बलराम वशिष्ठ अपनी मधुर वाणी से बाबा खाटूश्याम का गुणगान करेंगे।

### बच्चों को दिवाली का महत्व के बारे में बताएं: विनेश गुर्जर



**सोहना :** जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने क्षेत्र के लोगों से दीपावली के त्यौहार को सात्विक एवं पारम्परिक ढंग से मनाए जाने का आह्वान किया है। अपने सम्मान में बृहस्पतिवार को शहर की अनाजमंडी में जजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच गुर्जर ने क्षेत्रवासियों को दीपावली, भैया दौज, गौवर्धन व छठ पूजा की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस पवित्र त्यौहार के बारे में अपने बच्चों को बताएं। इसे प्रातःकाल वैदिक रीति से हवन करके और देशी घी व सरसो के तेल के दीए जलाकर मनाना चाहिए। इससे रोग नष्ट होते हैं। उत्तम स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है।

इस बार नकली मिठाइयों के कारण लोगों की बदली पसंद

# दिवाली पर सूखे मेवों और फलों का हो रहा जमकर आदान-प्रदान

**बिक्री में आई गिरावट आने से मिठाई विक्रेताओं में छा रही है मायूसी**





उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** इस बार दीपावली पर्व पर मिठाइयों की बिक्री कम होने से मिठाई विक्रेता खासे मायूस दिखाई पड़ रहे है।

बता दें कि देश व प्रदेश में बड़े पैमाने पर नकली खोया, सिंथेटिक व सप्रेटा युक्त दूध, पनीर, नकली देशी घी व अत्यंत घटिया दर्जे का मिलावट युक्त खोया खाद्य पदार्थों में मिलावट और हानिकारक रंगों रंगों को डालकर कई-कई दिन पूर्व तैयार की गई मिठाइयों के बासी होने की खबरें प्रमुखता पूर्वक छपने पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के छापेमारी करते ही काई हलवाई अपनी दुकान को खुला छोड़कर तो कोई हलवाई दुकान के शटर को गिराकर भाग खड़ा हुआ।

इसके बाद जागरूक लोगों ने इस बार दिवाली पर मिठाई की खरीद से दूरी बनाते हुए मिठाई लेने-देने की बजाय सूखे मेवे व फलों को लेने-देने पर जोर देना शुरू कर दिया है। ऐसे में यहां पर सूखे मेवों और फलों के दामों में खासी बढ़ोतरी देखी गई। इन्हें ज्यादा पसंद किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि सख्ती न होने के कारण यहां पर नकली देशी घी, नकली वनस्पति घी, मिलावटी खाद्य पदार्थों और घटिया व नकली दूध की बिक्री का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। गौरतलब हो कि यहां पर खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी और मिलावटखोरों की जेब भरो नीति के चलते सोहना में वस्तु पर प्रिन्ट वजन से कम वजन होना, खाली डिब्बे अथवा पॉलीथीन आदि का वजन भी सामान के साथ ही तोलना, नकली देशी घी, मिलावटी खाद्य तेलों तथा पिसे मसालों में मिलावट के चलते जहां मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। लोग इससे बचना चाहते हैं।

### मिठाई खरीदने से डरने लगे हैं लोग

दीपावली पर तैयार की गई मिठाइयों की बिक्री में जबरदस्त गिरावट के चलते कई मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर रंग-बिरंगे रंगों को डालकर सजाई गई आकर्षक मिठाइयां भरी नजर आ रही हैं। मिठाइयों की अपनी उम्मीद के अनुसार बिक्री ना होते देख मिठाई विक्रेता भी मायूस दिखाई पड़ रहे हैं। अब लोग यहां आने से डरने लगे हैं। उनका कहना है कि इस बार क्षेत्र में घटिया मिठाइयों व सप्रेटा युक्त व सिंथेटिक नकली दूध की हो रही बिक्री के बावजूद स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की जेब भरो नीति और उदासीनता का अंदाजा इसी बात से बखूबी लगाया जा सकता है कि दीपावली पर प्राणी के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक समझे जाने वाले रंगों को डालकर बनाई गई रंग-बिरंगी मिठाइयों की भरमार बाजार में होने के बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी और मुख्यमंत्री उड़नदस्ते में उदासीनता पाई जा रही है।यदि वे किसी को उपहारस्वरूप मिठाई देते हैं तो इसमें शामिल घटिया सामान से उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### बाजार में छाये सोने-चांदी के गिफ्ट आइटम



दीपावली के त्यौहार पर अपने सगे-संबंधियों को उपहार देने के लिए बाजार में सोने-चांदी के गिफ्ट आइटमों की भरमार है। एक से एक नए और आकर्षक डिजाइन में बने ये गिफ्ट आइटम लोगों को बरबस ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि चांदी के दाम इस बार काफी नीचे आने से लोगों में चांदी-सोना खरीदने के लिए उत्साह नजर आ रहा है। वैसे भी बाजार में इस बार इन गिफ्ट आइटमों का वजन काफी कम रखा गया है ताकि ये गिफ्ट लोगों की जेब पर अधिक बोझ ना डाले और अपने बजट के अनुसार कोई भी व्यक्ति गिफ्ट खरीद सके। ज्ञात हो कि दीपावली के शुभ मौके पर अपने सगे-संबंधियों, चहेतों को मिठाई देने की परम्परा प्राचीनकाल से चली आ रही है। यहां पर ज्वलैसों ने लोगों को लुभाने के लिए अपनी-अपनी दुकानों पर देवी-देवताओं की सोने, चांदी की प्रतिमाएं, चांदी की हटरी, सोने की लक्ष्मी माता, चांदी के बर्तन, चांदी के प्राचीनकाल के सिक्के, चांदी के गिलास, चम्मच, कटोरी आदि समेत चांदी से बनाए गए विभिन्न प्रकार के सामान सजाए हुए है। जेवरात के कारोबारी व प्रमुख समाजसेवी अनिल जैन, सिद्धार्थ जैन, ज्वैलर्स संजीव गुप्ता सर्राफ, जयप्रकाश गुप्ता, हन्नी सिंगला, दीपक वर्मा, प्रीतम जैन का कहना है कि सोने व चांदी के दाम मंदे होने के कारण इस बार गिफ्ट आइटमों की बाजार में बहार आई हुई है। दिवाली के उपलक्ष्य में लोग जमकर सोने-चांदी के गिफ्ट आइटमों की खरीद कर रहे है। उनका कहना है कि इस बार चांदी के बर्तन कम वजन के आए है। पहले चांदी का गिलास करीब 100 से 150 ग्राम वजन भार का होता था, जो अब घटकर 30 से 60 ग्राम तक में उपलब्ध है। स्वर्णकार पंकज गुप्ता का कहना है कि चांदी से निर्मित गिफ्ट आइटमों की भारी डिमांड के चलते इस बार काफी तरह की वैराइटी किफायती रेंज में उपलब्ध होने के कारण चांदी वाली गिफ्ट आइटम खरीदने के लिए ग्राहक ज्यादा आ रहे है।

# सरकारी अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र



**सोहना।** सरकारी अस्पताल में आज आम जनमानस को क्षय रोग से बचाव के प्रति जागरूक बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल प्रभारी व प्रवर चिकित्सा अधिकारी डाक्टर इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डाक्टर केशव शर्मा मुख्य वक्ता रूप में मौजूद रहे। उन्होने मौजूद लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक बनाते हुए कहा कि क्षय रोग टीबी एक संक्रामक रोग अर्थात एक बीमारी है, जो जीवाणु की वजह से पनपता है। यह जीवाणु धीरे-धीरे शरीर के सभी अंगों में प्रवेश कर जाता है। उन्होंने बताया कि यह ज्यादातर फेफड़ों में पाया जाता है। फेफड़ों के अलावा आंत, मस्तिष्क, हड्डियां, जोड़ों, गुर्दे, त्वचा तथा हृदय भी क्षय रोग से ग्रसित हो सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, क्षय रोग बीमारी की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भारत में करीब 15 लाख लोग इस बीमारी के शिकार हैं। यह बीमारी ,क्षय रोग अथवा टीबी से संक्रमित रोगियों के कफ, छींकने, खांसने, थूकने और उनके द्वारा छोड़ी गई सांस से वायु में जीवाणु फैल जाते हैं, जो कई घंटों तक वायु में रहता हैं। वह जीवाणु हवा के वजह से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में चले जाता है अर्थात फैलता है जिस कारण स्वस्थ व्यक्ति भी आसानी से क्षय रोग का शिकार बन जाते है द्य जब क्षय रोग का जीवाणु सांस के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंचता है तो वह धीरे-धीरे शरीर के दूसरे हिस्से में फैलना शुरू कर देता है। हालांकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता इसे बढ़ने से रोकती है, लेकिन जैसे-जैसे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ती है, क्षय रोग के संक्रमण की आशंका बढ़ती जाती है। संक्रमित व्यक्ति के कपड़े छूने या उससे हाथ मिलाने से क्षय रोग नहीं फैलता है।

इस मौके पर डॉ केशव ने समाजसेवी संस्थाओं से सहयोग की अपील की और पार्षद, सरपंच, हेल्थ स्टाफ से टी बी जागरुकता अभियान व उन्मूलन के लिए सभी को शप्त दिलाई। इस मौके पर एडस काउंसलर दीपक महरोलिया मेवाती समेत विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

# एशियन पब्लिक स्कूल में रंगोली, दीप सज्जा प्रतियोगिता करवाई गई

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** शहर में पुराने बसअडडा क्षेत्र में श्री सिंह गुरूद्वारा के समीप स्थित एशियन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दीपावली के उपलक्ष्य में 'रंगोली एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ।

शिक्षाविद प्रियंका भटेजा के अनुसार रंगोली व दीप सज्जा प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्देशक कपिल लोहिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर एशियन पब्लिक स्कूल के निर्देशक कपिल लोहिया ने कहा कि दीपावली अपने देश का सबसे बड़ा त्योहार है। यह पर्व हमें अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान रूपी उजाला दिखाता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों के बीच छुपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। विद्यालय की निर्देशिका शैली लोहिया ने विद्यार्थियों से प्रदूषण रहित दीवाली मनाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रदूषण पर रोक लगाने और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने मित्रों, परिजनों, सगे, संबंधियों को भी पटाखे ना छोड़ने व पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए आग्रह करना चाहिए। प्रतियोगिता में छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने अति सुंदर व आकर्षक रंग-बिरंगे दीए, मटकियां व रंगोली सजाकर उपस्थितों का मन मोह लिया। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल व द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को जल्द पुरस्कृत किया जाएगा।

# गरीबों के राशन में कटौती करने की कड़ी आलोचना

## त्योहारों वाले इस महीने में राशन के लिए मचेगी मारामारी

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** हरियाणा में परिवार पहचान पत्र लागू किए जाने के बाद राज्य में बीपीएल यानि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों की तादाद 30 लाख बढ़ गई है। ऐसे में सरकार को इन बढ़े हुए बीपीएल परिवारों को राशन देने में मुश्किलें आ रही है।

हालात ये है कि पिछले तीन महीनों से सरकारी गल्ले की दुकानों यानि डिपो होल्डरों पर राशनकार्ड होल्डरों को दिए जाने वाले राशन में सरकार की तरफ से कटौती की जा रही है लेकिन चालू महीने में सरकार की तरफ से दिए जाने वाले नवंबर महीने के राशन में सरकार की तरफ से डिपो होल्डरों को उनकी अलोकेशन के आधार पर पूरा राशन उपलब्ध कराने की बजाय 33.5 फीसदी कनक/बाजरा कम मिलेगा। इससे पहले अक्टूबर महीने में छह फीसदी राशन डिपो होल्डरों को सरकार की तरफ से कम उपलब्ध कराया गया तो सितंबर महीने में डिपो होल्डरों को उनकी अलोकेशन के आधार पर 12 फीसदी कम मिला लेकिन इस बार नवंबर महीने में भेजे जाने वाले राशन में 33.5 फीसदी कटौती गेहूं-बाजरे में की गई है। जिससे साफ जाहिर है कि त्योहारी सीजन होने के बावजूद इस महीने हर डिपो होल्डर के सैकड़ों से ज्यादा राशनकार्डधारक गेंहू-बाजरा राशन लेने से वंचित रहेंगे और प्रदेश की बात करे तो कई लाखों गरीब परिवारों को नवंबर महीने में राशन नही मिलेगा। डिपो होल्डरों पर नवंबर महीने में कम गेहूं-बाजरा आने से प्रदेश में लाखों बीपीएल परिवार नवंबर महीने का राशन लेने से वंचित रह जाएंगे। ऐसे में सरकार ने डिपो होल्डरों को निर्देश दिए है कि राशन वितरण का कार्य पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाए। डिपो होल्डरों का कहना है कि जब उनके कोटे पर 33 फीसदी से ज्यादा कम गेहूं-बाजरा मिलेगा तो वह सबको राशन कैसे दे सकते है। यानि नवंबर महीने में 100 राशनकार्ड धारकों में से 33 राशन लेने से वंचित रहेंगे। उपरोक्त लोगों का कहना है कि राशन समस्या को देखते हुए सरकार ने सभी जिलों में सरकारी गल्ले की दुकानों यानि राशन डिपुओं पर जारी किए जा रहे राशन में 33.5 फीसदी राशन की कटौती करने का फैसला लिया है।

इसका सीधा-सीधा मतलब ये है कि बढ़े हुए राशनकार्डो में से 33 फीसदी बीपीएल परिवारों को राशन से वंचित रहना पड़ेगा।

### इस पर क्या फरमाते हैं नेता

कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप, वरिष्ठ अधिवक्ता निहाल सिंह धारीवाल, जिलापरिषद के पूर्व सदस्य धर्मेन्द्र खटाना अभयपुरिया, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा आदि प्रमुखजनों समेत जागरूक लोग कह रहे हैं कि सरकार चुनावों को नजदीक देख बीपीएल राशन कार्ड धारकों की तादाद तो दिनोंदिन बढ़ा रही है, लेकिन पात्रों के बीपीएल राशनकार्ड बनाए जाने के बावजूद राशनडिपुओं पर सभी बीपीएल धारकों को राशन उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिस कारण गरीबों को हर महीने पर्याप्त राशन नही मिल पा रहा है। राशन लेने से वंचित रहने वाले बीपीएल परिवार डिपो होल्डरों से नोकझोंक कर उनकी शिकायतें कर रहे है।

# स्वामी दयानंद की नीतियों से आम जन को बना रहे जागरूक सतीश सत्यम शास्त्री

**स्वाध्याय की प्रवृत्ति ईश्वर की देन है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जन्म-जन्मांतरों के संस्कार है**



उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की नीतियों से आम जनमानस को जागरूक बनाने व आर्यसमाज की नीतियों को जीवन में अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए आर्यसमाज के विद्वान सतीश सत्यम शास्त्री अलख जगाने का काम कर रहे है।

देखा जाए तो सतीश सत्यम शास्त्री आज किसी परिचय के मोहताज नही है। उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर जनपद में धार्मिक व सुसंस्कारी, शक्तिपूर्णा विलक्षणा मातृशक्ति राजवती आर्या की कोख से कर्तव्यपारायण उदारचित निष्ठावान पूज्य पिता श्रीमान रामनिवास आत्रेय के घर में जन्मे सतीश सत्यम शास्त्री को उनके पिताश्री ने आर्ष गुरुकुल खेड़ाखुर्द दिल्ली में प्रविष्ट करवाया, जहां से सतीश सत्यम शास्त्री ने आर्ष पद्धति से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न संस्थानों / विश्वविद्यालय से उपाधियां प्राप्त की। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा से पाई और वैदिक धर्म की विचारधारा और सामाजिक संस्कार पिताश्री से बचपन से प्राप्त हुए।

आर्यसमाज के विद्वान सतीश सत्यम शास्त्री का कहना है कि स्वाध्याय की प्रवृत्ति ईश्वर की देन है। यह प्रत्येक व्यक्ति के जन्म-जन्मांतरों के संस्कार है। कुशल एवं ओजस्वी वक्ता के अतिरिक्त संगीत में कोकिल कंठ है।

सोहना आर्यसमाज के मौजूदा प्रधान महेश आर्य, पूर्व प्रधान मुनीम ओमप्रकाश आर्य, सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता, आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य की माने तो विद्वान सतीश सत्यम शास्त्री काफी वर्षों तक शिवनगरी सोहना में ऐतिहासिक गर्मचश्मा श्री शिवकुंड प्रांगण में ऊपरी मंजिल पर स्थित आर्यसमाज में विद्वान रहे। साथ ही कई वर्षों तक अखिल भारतीय राजार्य सभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष पद पर कार्यभार सुचारू रूप से वहन किया।

बता दें कि सतीश सत्यम शास्त्री पिछले लगभग 22 वर्षों से संगीत व वेद प्रवचन के माध्यम से वैदिक धर्म के प्रचार में संलग्न है और एक निष्ठावान धर्माचार्य एवं आर्योपदेशक के रूप में उन्होंने उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, चंडीगढ, जम्मू, मुंबई, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, आंध्रप्रदेश, बिहार, बंगाल, गुजरात, काठमांडू, नेपाल, ईस्ट अफ्रीका आदि देशों में वैदिक धर्म की दुन्दुभि बजाई। सतीश सत्यम शास्त्री के सैद्धांतिक लेख व कविताएं मधुर लोक, वैदिक सार्वदेशिक, आर्य नीति,वेद पथ, युवा उदघोष, टंकारा समाचार, वेद वाणी, आर्यावर्त केसरी, शुद्धि सभा आदि पत्रों में लेख व कविताएं समय-समय पर प्रकाशित होते रहते है। उन्हें भरोसा है कि सतीश सत्यम शास्त्री भारत के गौरव होने के नाते विश्व के गौरवपूर्ण सोपानों पर चढ़ने की क्षमता रखते हैं।

**समस्या** वाटर सप्लाई पाइप लाइन डालने के नाम पर सड़क खोदने से लोगों को परेशानी हो रही

# तोड़ दिए तमाम रास्ते,बनाने की बजाय बरती जा रही लापरवाही

**वाटर सप्लाई वाली पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़क खोदने से राहगीर व वाहन चालक हो रहे परेशान**



उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** त्योहारी सीजन होने और दीपों का त्योहार दीवाली नजदीक आने में चंद दिन रहने के बावजूद लोगों को टूटे रास्तों से आवाजाही करना मजबूरी बन गई है। लोगों ने बताया कि सोहना शहर के कई वार्डों में एक महीना से भी ज्यादा वक्त पहले वाटर सप्लाई पाइप लाइन डालने के नाम पर सड़क खोदने से लोगों को परेशानी हो रही है क्योकि सड़क तोड़ने से रास्ते में कंकरीट के मोटे पत्थर आते-जाते राहगीरों को निकलते वक्त चोटिल कर रहे हैं।

सड़क खोदते वक्त निकाला गया मलबा सड़क के साथ-साथ नालियों में भरने से नालियां अवरुद्ध होने पर गंदा पानी टूटी सड़क पर बह रहा है। खुदाई के वक्त पहले से लोगों द्वारा अपने खर्चे पर डलवाए गए प्लास्टिक के पाइप भी तोड़ दिए गए। जिससे लोग परेशान हो रहे है क्योंकि पाइप टूटने से उनके घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है और त्योहार के इस मौसम में घरों में पानी ना आने से गृहणियां व लोग सभी परेशान हैं।

लोगों की माने तो यहां पर शहर के वार्ड-14 व 15 में नहरी पानी की सप्लाई घर-घर तक पहुंचाने और पाइप लाइन डालने के नाम पर एक महीने से ज्यादा समय पहले पक्की सड़क को खोद दिए जाने के बावजूद अभी तक पाइपलाइन ना डाले जाने और सड़क खुदी होने से राहगीर व वाहन चालक परेशान हो रहे है। वही रात के वक्त गिर-पड़कर चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में बुजुर्गों व बच्चों की जान पर बन आई है।अशोक रोहिल्ला, मोहित सिंगला, सोनू नांगल, कमल गुप्ता, उमेश अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, दीपक सिंगला, अमित गुप्ता, गौरव सिंगला, विनोद सिंगला आदि लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग के ठेकेदार के कारिंदों ने खुदाई करने वाली मशीन से पक्की सड़क को तोड़ दिया। एक महीना से ज्यादा वक्त बीत गया है। ना तो तोड़ी गई सडक़ को ठीक किया जा रहा है और ना ही वाटर सप्लाई आपूर्ति के लिए पाइप डाले जा रहे हैं। जिससे राहगीर व वाहन चालक सभी परेशान है पर कोई देखने-सुनने वाला नही है।

वार्ड-14 व 15 के भीतर मोहल्ला कायस्थवाडा और मोतीप्लाजा शापिंग काम्पलेक्स के सामने वाली गली से ओम शांति केन्द्र आवाजाही वाले सड़क मार्ग को खोदने से स्कूली बच्चों के साथ-साथ रोगी व बुजुर्ग खासे परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और एजेंसी के खिलाफ कष्ट निवारण समिति के साथ-साथ सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराकर कानूनी व विभागीय कार्रवाई अमल में लाए जाने की गुहार लगाएंगे।

### कोई नहीं सुनता हमारी

महिलाओं और लोगों का कहना है कि एक महीना से ज्यादा वक्त बीत गया है। वाटर सप्लाई वाले पाइप डालने के नाम पर सड़क खोदने के बाद लोगों के बार-बार आग्रह के बावजूद ना तो खोदी गई सड़क के भीतर वाटर सप्लाई के पाइप डाले जा रहे है और ना ही तोड़ी गई सड़क का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में लोगों की जान पर बन रही है। रात के अंधेरे में लोग गिर-पड़कर चोटिल हो रहे हैं, पर कोई देखने-सुनने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि ना संबंधित वार्डो के पार्षद ध्यान दे रहे है और ना ही संबंधित विभाग के स्थानीय व आला अधिकारी। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि अफसरशाही लोगों पर भारी पड़ रही है। जलआभियांत्रिकी विभाग समस्या का निवारण करने की बजाय लोगों के लिए समस्या बन रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

# सीवरेज ब्लाकेज होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी : निर्मला सैनी



**एक्सईएन कार्यालय के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन के दिए संकेत**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** सोहना नगरपरिषद के वार्ड-21 के तहत लगने वाले कच्चा बेरका रोड़ और भीम नगर में सीवरेज ब्लाकेज होने से सड़कों पर गंदा पानी बहने से राहगीर परेशान हैं।

लोगों ने बताया कि कच्चे बेरका रोड़ पर रामकरण और मेद सिंह सैनी की दुकानों के सामने सीवरेज का गंदा पानी बह रहा है तो भीम नगर में चंदन के घर के सामने सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। जिस कारण लोगों को गंदे पानी के बीच से निकलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के सीजन में प्रशासन को तेजी लानी चाहिए।

नगरपार्षद निर्मला सैनी, सैनी युवा संगठन से जुड़े युवा समाजसेवी रूपचंद सैनी, दयाराम सैनी, हरविंदर सैनी आदि का कहना है कि सोहना में पब्लिक हैल्थ के निकम्मेपन का आलम यह है कि पब्लिक हैल्थ के संबंधित जेई को बार-बार आग्रह करने के बावजूद समस्या का समाधान नही हो रहा है।

उन्होंने संकेत दिए कि वार्ड के लोग समस्या का निवारण ना होने पर जल्द ही पब्लिक हैल्थ के एक्सईएन कार्यालय के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

दैनिक
भरोसा मित्र

गुरुग्राम, शुक्रवार
10 नवंबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
अधिकारी लंबित विकास कार्यों को तय समय सीमा में करवाएं ...



# गुरुग्राम



अंदर देखे
योग्यता के आधार पर मिल रही ...



dainikbharoosa

## खबर फटाफट

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा धनतेरस का पर्व

**गुरुग्राम।** (एमके अरोड़ा): दीपावली 5 दिवसीय महापर्व है, जिसका प्रारंभ आज धरतेरस से होने जा रहा है। इस पर्व को महालक्ष्मी को समर्पित माना जाता है। आज शुक्रवार को धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोना-चांदी, व स्टील आदि के बर्तनों की भी खूब खरीददारी होगी। दुकानें सजी हुई हैं। लोग अपनी सामर्थ्यनुसार खरीददारी करेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि दीपावली 5 दिवसीय महापर्व होने के कारण प्रथम दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चौदस, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन व 5वां दिन भाई दूज के रुप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शहर के मुख्य सदर बाजार, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, सभी आवासीय सैक्टरों के माकिट, सोहना चौक सहित अन्य क्षेत्रों स्थित मार्किटों व शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित शॉपिंग मॉल्स में धरतेरस मनाने की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। दुकानदारों ने हर श्रेणी का सामान बिक्री के लिए रखा हुआ है।

### प्रदेश की कला और संस्कृति से आमजन को रुबरु कर रही हरियाणा कला परिषद

**गुरुग्राम।** (एमके अरोड़ा): हरियाणा कला परिषद द्वारा विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रदेश की कला और संस्कृति को विस्तार दिया जा रहा है। इसी क्रम में भारत विकास परिषद गुरुग्राम शाखा द्वारा सैक्टर 4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रकाश मलिक एवं उनके साथियों ने हरियाणवी नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता। एक ओर जहां कलाकारों के नृत्य ने सभी को आनंदित किया, वहीं कलाकारों की वेशभूषा, ऊर्जा तथा संगीत लोगों को बांधे रखने में सफल रहा। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक संजय भसीन विशेष रुप से उपस्थित रहे। कला परिषद की गतिविधियों की चर्चा करते हुए संजय भसीन ने परिषद के सराहनीय कार्यों से लोगों को अवगत करवाया। इसके अतिरिक्त भारत विकास परिषद द्वारा समाज के प्रतिष्ठित लोगों को और शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शाखा के लिए सहयोग करने वाले सम्मानित व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर परिषद के देवेश गुप्ता, सुनील गर्ग, प्रवेश गर्ग, प्रतिभा बंसल, प्रदीप जैन, श्रीचंद गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, नवीन गुप्ता, सुभाष गुप्ता, मीना, प्रतिमा, सुमन आदि उपस्थित रहे।

### युवा महोत्सव के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गुरुग्राम।** (एमके अरोड़ा): सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक टीम के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के चौथे युवा उत्सव 'शंखनाद -2023' में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के कलाकारों ने समूह शार्ट फिल्म, स्पॉट फोटोग्राफी, कॉलाज, संस्कृत श्लोकाच्चारण और भाषण में प्रथम स्थान पाया। समूह नृत्य जनरल , मूक अभिनय, समूह गीत हरियाणवी, डॉक्यूमेंटरी, क्ले मॉडलिंग, संस्कृत भाषण में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया तो वहीं कार्टूनिंग में तीसरा पुरस्कार जीता। महाविद्यालय के छात्र सत्यम त्यागी को नाटक टोबा टेक सिंह में टोबा टेक सिंह की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला तथा सोनम ने संस्कृत नाटक विनाशक में वंशिका का पात्र निभाने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड हासिल किया। गौरतलब है कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्म 'एकली' ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित रत्नावली महोत्सव में भी प्रथम पुरस्कार जीता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मधु अरोडा ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कला का सभी के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक डॉ सुरेंद्र कुमार एवं डॉ सत्यम ने कहा युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में विद्यार्थी और अधिक मेहनत करेंगे तथा इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर डॉ नीलम दहिया, डॉ मीनू शर्मा, संजय कात्याल, डॉ हरीश कुमार, डॉ राजेश कुमार, बहादुर सिंह, डॉ अंजना शर्मा, रोहित शर्मा, रवि श्योराण, डॉ मुकेश सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### गुरुग्राम से चंडीगढ़ वाया दिल्ली के लिए आज से सेमी डीलक्स बस सेवा शुरू

**गुरुग्राम।** (एमके अरोड़ा): पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को और कैसे बेहतर व सुगम बनाया जाए इसके लिए हरियाणा सरकार निरंतर धरातल पर गंभीरता से प्रयासरत है। इसी क्रम में गुरुग्राम से चंडीगढ जैसे महत्वपूर्ण सडक मार्ग पर आमजन की सुविधा के लिए हरियाणा राज्य परिवहन के गुरुग्राम डिपो द्वारा वीरवार से सेमी डीलक्स बस सेवा की शुरुआत की गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी सांझा करते हुए बताया कि प्रदेश की राजधानी होने के चलते गुरुग्राम डिपो के लिए गुरुग्राम से चंडीगे एक महत्वपूर्ण रूट रहा है। ऐसे में लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने व निजी वाहनों पर उनकी निर्भरता कम करने के उद्देश्य से गुरुग्राम से वाया दिल्ली होते हुए चंडीगढ के लिए यह एसी सेमी डीलक्स बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इन बसों में साधारण बसों से डेढ गुणा अधिक किराया रहेगा। हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम के महाप्रबंधक प्रदीप अहलावत ने बसों की समय सारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम से आईजीआई एयरपोर्ट व आईएसबीटी दिल्ली होते हुए चंडीगढ के लिए पहली बस प्रात~ 3.45 पर रवाना होगी व इसके उपरांत प्रात~ 4.45 बजे, 6.30 बजे, 7.45 बजे, दोपहर 12.45 बजे, शाम को 5 .45 बजे व रात्रि में 09 बजे चलेंगी। वहीं चण्डीगढ से गुरुग्राम के लिए प्रात~ 6 बजे व 11.40 पर बसे मिलेंगी, इसी प्रकार दोपहर में 1 बजे, 3.20 बजे व 4.40 पर बस की रवानगी होगी। रात्रि के समय 8.30 व 2.30 बजे का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बसों के किराया की जानकारी सांझा करते हुए बताया कि गुरुग्राम से दिल्ली के लिए 60 रुपये, पानीपत के लिए 190 रुपये, करनाल के लिए 265 रुपये, कुरुक्षेत्र के लिए 325 रुपये, शाहबाद के लिए 360 रुपये, अम्बाला के लिए 390 रुपये, जीरकपुर के लिए 460 रुपये व चंडीगढ के लिए 485 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। महाप्रबंधक ने बताया कि इसके अतिरिक्त गुरुग्राम से आगरा, गुरुग्राम से जयपुर, गुरुग्राम से नारनौल तथा गुरुग्राम से सिरसा वोल्वों बसों का संचालन किया जा रहा है।

### नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा ने सफाई व्यवस्था पर की महत्वपूर्ण बैठक

# सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ पुलिस करेगी कार्रवाई : मीणा

- निगमायुक्त बोले, श्रमिकों को शांतिपूर्ण हड़ताल का अधिकार, लेकिन आवश्यक सेवाओं में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा स्वीकार



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम । नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा ने वीरवार को सफाई मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की तथा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए हर संभव कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में गुरूग्राम के उपायुक्त निशांत यादव सहित पुलिस विभाग व नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि दिवाली त्यौहार के मद्देनजर अटूट प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके तहत चारों जोन क्षेत्रों में अलग-अलग समर्पित टीमों को तैनात किया जाएगा। संयुक्त आयुक्तों के नेतृत्व में और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षकों के साथ ये टीमें अपने क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्य की निगरानी सुनिश्चित करेंगी। टीमें उन क्षेत्रों की पहचान करेंगी, जिन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है और उत्पन्न होने वाले किसी भी मुद्दे के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अगर कोई व्यक्ति सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो पुलिस विभाग के सहयोग से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हालांकि कर्मचारियों को शांतिपूर्ण हड़ताल करने का अधिकार है, लेकिन आवश्यक सेवाओं में किसी भी तरह की बाधा सहन नहीं की जाएगी और नागरिकों के व्यापक लाभ के लिए इससे सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक में सभी सफाई कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील भी की गई। शहर के अंदर सफाई कार्य में बाधा डालने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए तथा कहा कि ऐसे व्यक्तियों को बिना किसी देरी के एक सूची में रखा जाएगा तथा उन पर कानूनी व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से या अन्य किसी भी माध्यम से भविष्य में नौकरी पर नहीं रखा जाएगा।

#### डीसी निशांत कुमार यादव ने दिये धारा-144 लगाने के संकेत

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में अपना सहयोग देने की बात कही तथा इस बात पर भी चर्चा हुई कि स्थिति को देखते हुए धारा-144 लागू की जा सकती है। उन्होंने शहर में सफाई कार्य के उचित कार्यान्वयन के लिए नगर निगम टीमों के सहयोग के लिए प्रत्येक जोन में एसडीएम और 2 एचीसीएस अधिकारियों को भी तैनात किया।

#### संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करें अधिकारी

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां पर कचरा पड़ा हुआ ना हो। नगर निगम गुरूग्राम की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सड के किनो कचरा ना हो, जिससे सभी के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में योगदान हो सके। बैठक में पुलिस विभाग ने इस दौरान शहर में सफाई और स्वच्छता अभियान के लिए सभी एसएचओ को, सभी संयुक्त आयुक्तों को निरंतर सहयोग देने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगमायुक्त ने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस सहायता तत्कार प्रभाव पर मौके पर पहुंचे।

#### एजेंसियों के कार्य से संतुष्ट नहीं आरडब्ल्यूए : निगमायुक्त

निगमायुक्त ने कहा कि जो आरडब्ल्यूए उनके क्षेत्रों में काम कर रही एजेंसियों के कार्य से संतुष्ट नहीं हैं, वे संबंधित संयुक्त आयुक्त से संपर्क करें। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली, मैनपावर व अन्य सफाई संसाधन मुहैया करवाए जाएंगे, ताकि वे अपनी निगरानी में सफाई सुनिश्चित करवा सकें। आरडब्ल्यूए को इस तरह का महत्वपूर्ण कार्य सौंपकर एक अधिक कुशल व जवाबदेही प्रणाली सुनिश्चित होगी। आरडब्ल्यूए की भागीदारी और सामुदायिक जुड़ाव की भावना लाती है, जिससे स्वच्छता के समन्वय और प्रभावी कार्यान्व्यन में सुधार होता है।

#### बागवानी कचरे का उठान शुरू

बैठक में निगमायुक्त द्वारा बागवानी शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में पड़े बागवानी कचरे का उठान सुनिश्चित करवाएं। निगमायुक्त द्वारा जारी निर्देशों की पालना में बागवानी शाखा के सहायक अभियंता संजोग शर्मा ने सभी कनिष्ठ अभियंताओं व सुपरवाईजरों को बागवानी कचरे का उठान शुरू करवाने के निर्देश दिए। बागवानी शाखा ने तुरंत प्रभाव से चारों जोनों में बागवानी कचरे का उठान शुरू कर दिया है।

# निगमायुक्त पीसी मीणा ने किया शहर का दौरा



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम । नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने वीरवार को अधिकारियों की टीम के साथ शहर का दौरा किया तथा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व निगमायुक्त व उपायुक्त ने सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। निगमायुक्त ने वरिष्ठ सफाई निरीक्षक स्तर के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि सडे ों के किनारों पर कूड़ा पड़ा हुआ ना हो। अगर कोई व्यक्ति कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है, तो पुलिस विभाग के सहयोग से उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करवाएं। निगमायुक्त ने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सफाई कार्य में लगी एजेंसियां नियमों के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति करे। अगर कोई एजेंसी निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी नियुक्त करती है या सफाई कार्य सही प्रकार से नहीं करती है, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। इस दौरान निगमायुक्त शहर के विभिन्न स्थानों पर गए तथा मौके पर ही अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।उनके साथ संयुक्त आयुक्त संजीव सिंगला, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक व सुधीर कुमार उपस्थित थे।

#### अधिकारियों ने मौके पर खड़े रहकर कचरा उठान करवाया सुनिश्चित

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने तथा कचरे का उठान करवाने के लिए नगर निगम गुरूग्राम पूरी तरह से जुट गया है। इसके तहत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मौके पर खड़े रहकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवा रहे हैं, ताकि सफाई कार्य में कोई भी व्यक्ति व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश ना करे। इसी कड़ी में वीरवार को गुरूग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव तथा संयुक्त आयुक्त संजीव सिंगला ने रेलवे रोड़ व आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को अपनी मौजूदगी में दुरूस्त करवाया तथा कचरा उठान सुनिश्चित करवाया। दोनों अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, ताकि कोई भी व्यक्ति सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश ना कर सके। नगर निगम गुरूग्राम की तरफ से यह स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई कर्मचारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत ऐसे कर्मचारियों की भी सूची तैयार की गई है तथा उन्हें टर्मिनेशन नोटिस जारी किए गए हैं।

### हत्या के मामले में 4 दोषियों को आजीवन कारावास

**गुरुग्राम।** संपत्ति विवाद हुई हत्या के मामले सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर 4 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में शामिल 2 आरोपियों को अदालत ने भगौड़ा भी घोषित किया हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेड़कीदौला क्षेत्र की महिला पूजा ने खेड़कीदौला पुलिस थाना में 22 मई 2021 को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति हरगोविंद व उसका दोस्त संदीप गाड़ी से जा रहे थे तो एक अन्य गाड़ी ने इनका रास्ता रोककर इन दोनों के साथ मारपीट की थी, जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतू अस्पताल में दाखिल किया हुआ है। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और उनके पास हथियार भी थे। उपचाराधीन हरगोविंद की उपचार के दौरान मारपीट से लगी चोटों के कारण मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों राहुल, प्रमोद, मनोज, राहुल, अमित व मुकेश के खिलाफ भादंस की धारा 147, 148, 149, 323, 325, 341, 302 व 506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों पर लगे आरोप सिद्ध होते हुए अदालत ने राहुल, प्रमोद, मनोज व राहुल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी अमित व मुकेश फरार चल रहे थे। इन दोनों आरोपियों को अदालत ने भगौड़ा घोषित किया हुआ है।

# हरियाणा पुरुष हाकी टीम ने कर्नाटक को हराकर जीता गोल्ड मेडल

- महिला टीम ने जीता सिल्वर मेडल, हरियाणा के खिलाड़ी 186 मेडल जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान पर

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम । गोवा में चल रहे 37 वे राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा 59 गोल्ड, 54 सिल्वर और 73 ब्रॉन्ज मेडल के साथ इतिहास रच दिया है। हरियाणा के खिलाड़ियों ने अब तक कुल 186 मेडल जीत लिए हैं। पदक तालिका में हरियाणा तीसरे स्थान पर है। लेकिन 186 पदक के साथ पूरे हिंदुस्तान में दूसरे स्थान पर है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के उप प्रधान व डिप्टी सीडीएम सूरज पाल अम्मू ने बताया कि नेशनल गेम्स के इतिहास में पहली बार जिमनास्टिक्स में भी आर्टिस्टिक पुरुष व रिदमिक में टीम इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त किया व 9 इंडिविजुअल मैडल भी जीते है। पहली बार नेशनल गेम्स में महिला फुटबाल की टीम ने भी तीसरा स्थान जीता है। बुधवार को पुरुष हॉकी फाइनल में हरियाणा का मुक़ाबला कर्नाटक से हुआ और हरियाणा के खिलाडियों ने यह मुक़ाबला 5-3 से जीत कर स्वर्ण पदक प्रदेश के नाम किया। जबकि महिला टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वही, हरियाणा कबड्डी महिला व पुरुष टीम ने रजत पदक जीता।

उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग के मुकाबले में रिंकू, स्वीटी बूरा और मनीषा ने गोल्ड मेडल जीते। इनके अलावा बॉक्सिंग में आज हुए मुकाबले में प्रदेश को नवीन कुमार ने सिल्वर व अभिमन्यु व शिवन ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाए। कलारीपयट्टू के मुकाबले में हरियाणा ने एक सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते।

जिनमें आशीष ने सिल्वर मेडल और हर्षिता यादव व सानिका की टीम ने ब्रॉन्ज, प्रदीप ने सिंगल इवेंट व हर्षिता यादव ने प्रदेश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। यह सब मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल व मंत्री सन्दीप सिंह व सीडीएम मनीष ग्रोवर व महासचिव नीरज तंवर व हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन से सम्बंधित सभी एसोसिएशन के सहयोग व समन्वय से हो पाया है।




#### खिलाड़ियों को प्रोहत्साहित कर रही हरियाणा सरकार : अम्मू

हरियाणा दल के उप इंचार्ज और हरियाणा ओलंपिक संघ के उप प्रधान सूरज पाल अम्मू ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने हॉकी के पुरुष व महिला टीमों को जीत पर शुभकामनाएं दी। साथ ही अन्य मैचों में विजेता रहे खिलाड़ियों से मिलकर बातचीत करके उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया कि हरियाणा सरकार का हर खिलाड़ियों को मिल रहा है बेहतरीन समर्थन, हरियाणा सरकार की खेल नीति करती है मैडल लाने के लिए प्रोहत्साहित किया। नेशनल गेम्स गोवा 2023 ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह रिजल्ट मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार व प्रदेश में लागू खेल नीति का ही सुखद परिणाम है। हरियाणा सरकार की खेल नीति सबसे अच्छी जहां खिलाड़ियों को मिलते है लाखो करोडो रुपये के कैश अवार्ड, खिलाडियों को उनकी योग्यता के अनुसार आउट स्टैंडिंग स्पोर्ट्स पर्सन कोटा के तहत सरकारी नोकरी दे रही है।

### जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड का सदस्य किया मनोनीत

**गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिष्ठित होमी जहांगीर भाभा पुरस्कार से सम्मानित, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. एके नासा ने पत्र लिखकर गुरुग्राम विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को यह जानकारी दी। एनबीए का सदस्य बनाए जाने पर गुरुग्राम विवि. के कुलपति ने प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, एनबीए का आभार जताते हुए कहा कि जिन आकांक्षाओं एवं विश्वास के साथ मुझे राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है, उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम बेहतर काम करके देश के भविष्य को संवार सकते है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का ढांचा मजबूत करने पर जोर देने की बात कही। हरियाणा प्रदेश से जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) की स्थापना वर्ष 1994 में एआईसीटीई अधिनियम की धारा 10 (प) के तहत इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, फार्मेसी और वास्तुकला आदि में डिप्लोमा से स्नातकोत्तर स्तर तक तकनीकी संस्थानों द्वारा पेश किए गए।

**सरस मेला** | धनतेरस के मौके पर मेले में हर सामान पर मिलेगी छूट

# हरियाणा की विभिन्न आइटमों से तैयार देशी घी का लड्डू व लेदर की जूतियों का जमकर हो रही खरीदारी

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में हरियाणा से कुल इक्कीस स्टॉल लगाए गए हैं, इसमें हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के जहां पंद्रह स्टॉल लगाए गए हैं। वहीं, फूड प्रोडक्ट के चार स्टॉल जबकि फूड कोर्ट में दो स्टॉल लगाए गए हैं। इसकी जानकारी हरियाणा की स्टेट कोऑर्डिनेटर दीप्ति ढींढ़सा ने दी। मेले में हरियाणा के गुरुग्राम के पटौदी ब्लॉक की गांव ढ़ाणीशंकरवाली से आई हुई शंकर स्वयं सहायता समूह की सरोज देवी बताती हैं कि उनके स्टॉल नंबर 317 पर वह अपने साथ खोये की मिठाई, लौकी की बर्फी, मावा की लड्डू, डोडा बर्फी, मिल्क केक, कलाकंद, धनिया के लड्डू, चने की लड्डू, मेथी की लड्डू, अलसी की लड्डू, रागी की लड्डू, बाजरे की लड्डू समेते अनय गुड़ के आयटम, देशी घी की जलेबी आदि लेकर आई हुई हैं। इन सभी सामानों की जमकर खरीदारी की जा रही है। सरोज देवी बताती हैं कि उनके स्टॉल पर दो सौ रुपये से लेकर छह सौ रुपये तक के फूड आइटम के सामान उपलब्ध हैं। साथ ही हरियाणा की भिवानी जिले से आई हुई बालाजी स्वयं सहायता समूह की सीमा अपने यहां से इस मेले में जड़ी जूती, लेदर की चप्पलें, बच्चों के लिए जूते, कोल्हापुरी चप्पलें, देशी जूती, मोती वर्क जूती आदि सामान अपने स्टॉल नंबर 192 पर लेकर आई हुई हैं। उन्होंने बताया कि मेले में लोग इसकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। उनके स्टॉल पर ढ़ाई सौ रुपये से लेकर साढ़े सात सौ रुपये तक के सामान उपलब्ध हैं। वहीं, मेले में आज लोगों ने सांस्कृतिक संध्या का भी जमकर आनंद लिया। ज्ञात हो कि सांस्कृतिक संध्या में नियमित रूप से पांच बजे से हरेक राज्यों के लोक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति की जाती है। मेले में दीपावली से ठीक पहले धनतेरस के मौके पर दस और ग्यारह नवंबर को दस प्रतिशत का छूट जहां फूड कोर्ट में दिया जाएगा वहीं, हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के सामानों पर दस से बीस प्रतिशत तक की अधिकतम छूट दी जाएगी। यह डिस्काउंट केवल 10 और 11 नवंबर को ही दिया जा सकेगा। इससे एक तरफ जहां लोगों को धनतेरस में सामान खरीदने में आसानी होगी वहीं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी बंपर सेल होंगी।




ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। यहां हर आयु वर्ग के लोग मेला देखने व खरीदारी करने आ रहे हैं। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉलों पर लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं। मेले की विविधता लोगों को आकर्षित कर रही है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं की विशेष उपस्थिति वाला यह मेला महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन मिसाल है जहां न केवल वह अपना उत्पाद लेकर आई हैं बल्कि वह भारत की विविधता और अनेकता में एकता का संदेश भी दे रही हैं। आयोजकों के लिए यह मेला निश्शुल्क है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का गुरुग्राम में होगा भव्य स्वागत



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव व महामंत्री महेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्हें उनकी नियुक्ति और दीपावली की शुभकामनाएं देकर सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सरपंच सुंदर लाल यादव ने मुलाकात के बाद जारी बयान में कहा कि बेहद ही शील स्वभाव के धनी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी से मुलाकात अच्छी रही। उन्होंने पार्टी के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती से काम करने के लिए प्रेरित किया। पार्टी को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक सामंजस्य बनाकर काम करने को कहा। उन्होने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को और ऊपर तक ले जाएंगे। सभी कार्यकर्ता उनके साथ हैं और हर स्तर पर काम करने को तैयार हैं। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का गुरुग्राम में भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाकर उन्हें यह ज्ञात कराएं कि भाजपा हर तबके को साथ लेकर चलती है।

## खबर फटाफट

### ललित मंगला बने गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष



**तावडू** (नरेश मैहंदीरत्ता): शहर के ललित मंगला को जेजेपी का जिला उपाध्यक्ष गुरूग्राम नियुक्त किया गया। शहर के युवा ललित मंगला को जेजेपी का जिला उपाध्यक्ष बनाने पर जेजेपी कार्यकर्ताओं व क्षेत्र में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ललित मंगला ने कहा कि जो जिम्मेवारी जेजेपी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, उसे वह निष्ठा पूर्वक निभाएंगे और पार्टी का प्रचार प्रसार कर युवाओं को पार्टी से जोडकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डाक्टर अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला, युवा प्रभारी सुनील राणा व जिला अध्यक्ष सज्जन दौलताबाद का आभार व्यक्त किया।

### दो हजार का ईनामी बदमाश काबू

**तावडू** (नरेश मैहंदीरत्ता): उपमंडल के गांव डालावास के एक व्यक्ति को जो राजस्थान पुलिस में 2 हजार रूपए का ईनामी बदमाश था। जिसे पुलिस ने काबू कर नियामानुसार कार्रवाई करते हुए बदमाश को राजस्थान पुलिस के हवाले किया। उपनिरीक्षक पवन कुमार प्रभारी एवीटी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम ने सूचना के आधार पर वर्ष 2012 के आबकारी अधिनियम के मुकदमा में थाना किशनगढ बास जिला भिवाडी राजस्थान से 2 हजार रूपए के एक ईनामी बदमाश अरशद निवासी डालावास को काबू करने में सफलता हासिल की हैं। अरशद को काबू करने उपरांत राजस्थान पुलिस को सूचित करके उनके हवाले किया गया। जिसके खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्यवाही थाना किशनगढ बास जिला भिवाडी राजस्थान पुलिस द्वारा अमल में लाई जाएगी।

### शिक्षा सहायक ने मुख्यमंत्री से लगाई वेतन देने की गुहार

**तावडू** (नरेश मैहंदीरत्ता): क्षेत्र के शिक्षा सहायकों को पिछले 5 माह से वेतन न मिलने से उन्हें घर चलाने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शिक्षा सहायक टीजीटी एसएस ने मुख्यमंत्री से जल्द वेतन देने की गुहार लगाई है। ताकि शिक्षा सहायक दीपावली पर्व खुशी-खुशी मना सकें। शिक्षा सहायक टीजीटी एसएस देवेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में दर्शाया कि पिछले 5 महीनों से शिक्षा सहायकों को वेतन नहीं मिल रहा है। जिससे शिक्षकों को घर चलाने में समस्या आ रही है। इस बार की दीपावली भी वह सही रूप से नहीं मना पाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिक्षा सहायकों को वेतन देने की गुहार लगाई है, ताकि शिक्षा सहायक भी खुशी-खुशी दीपावली का पर्व मना सकें।

### पंजाबी समाज सेवा समिति ने की बैठक



**तावडू** (नरेश मैहंदीरत्ता): शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाबी समाज सेवा समिति के कार्यालय में बुधवार को समाज के गणमान्य लोगों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने का आहवान किया गया। वहीं दीपावली पर्व से पूर्व सरकारी स्कूल के गरीब बच्चों को वस्त्र व जूते भेंट कर उनके साथ दीपावली मिलन समारोह का निर्णय लिया गया था। लेकिन स्कूल की प्रदूषण के कारण बच्चों की छुट्टियों के चलते अब स्कूल खुलने पर पुन: कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाज के प्रधान प्रमोद आहुजा ने बताया कि समाज के लोगों की तरफ से निर्णय लिया गया था कि दीपावली मिलन समारोह पर सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए स्वेटर, जूते व खाद्य सामग्री खिलाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन बच्चों की प्रदूषण की मार के चलते चल रहे अवकाश के कारण अब यह कार्यक्रम अवकाश के बाद किया जाएगा। इस दौरान बहुत से विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समाज के गणमान्य लोग अब समाज को आगे बढाने के लिए एकमत हो गए है और जल्द बहुत से मुद्दों पर विकास की ओर बढने की चर्चा भी हुई।

---

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में

# योग्यता के आधार पर मिल रही नौकरियां : जगदीश नायर

■ विधायक ने जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सामूहिक व निजी समस्याएं सुन कर अधिकारियों को दिए निदान के निर्देश

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

पुन्हाना। प्रदेश को तरक्की की राह पर ले जाने व ग्रामीणों की समस्याओं को निपटाने के लिए प्रदेश के सभी गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में युवा योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल से विधायक जगदीश नायर ने वीरवार को पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के गांव हथनगांव, नहेदा, सुनहेड़ा, हाजीपुर व लफोरी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुन उनका समाधान करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक जगदीश नायर ने हथनगांव में ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए रोडवेज के अधिकारियों को अगले सप्ताह से ही गांव में बस चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गांवों में जनसंवाद के दौरान लोगों की समस्याओं का हल जल्द करने के निर्देश विभागों के अधिकारियों को दिए। जगदीश नायर ने कहा कि ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर ही सरकार की सेवा-सुविधाएं प्रदान करने के लिए गांवों में लोगों के परिवार पहचान-पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पैंशन आदि संबंधी दस्तावेजों को पूर्ण करवाने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से शिविर लगाए जाएंगे। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है। लोगों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन घर बैठे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं की सुविधाएं मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पूर्ण रूप से गरीब वर्ग के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं और उनके नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गांवों और शहरों के वार्डो में लोगों के बीच पहुंचकर जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान करवा रहे है। हरियाणा सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद, राहुल नायर, एसडीएम मनीषा शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी विरेंद्र ,हथनगांव के सरपंच माजिद, सुनहेडा के सरपंच मोहम्द हारुण सहित अन्य गांवों के पंच-सरपंच, विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।







### गरीब परिवारों को मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गरीब परिवारों को बेहतर इलाज के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। आयुष्मान चिरायु योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए की धनराशि तक का मुफ्त में सालाना इलाज करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत गरीब परिवार जिनकी सालाना आमदनी 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है, वह परिवार पैनल के निजी हस्पतालों में एक वर्ष में पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों ने अपने-अपने मांगपत्र भी विधायक जगदीश नायर को सौंपे। इनमें मुख्य रूप से गांवों की गलियों के निर्माण, चौपाल निर्माण व नवीनीकरण, पेयजल आपूर्ति, बिजली की लाइनों को ठीक करवाने, रास्तों को पक्का करवाने आदि कार्य शामिल रहे। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक जगदीश नायर सहित सभी अतिथियों का फूलमालाओं व पगड़ी से भव्य स्वागत किया।

---

### जिला जेल नूंह के गेट के सामने हुडदंगबाजी करने वालों पर कसा शिकंजा

# 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल फोन, लगभग 23 हजार रुपये, 5 कार व अन्य सामान बरामद

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह । जिला नूंह पुलिस ने बुधवार को जिला जेल नूंह के सामने से हुडदंगबाजी करते 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।निरीक्षक चन्द्रभान, प्रबन्धक थाना सदर नूंह ने जानकारी देते हुए बतलाया कि गत बुधवार को सहायक उप निरीक्षक राजेश अपनी टीम के साथ गस्त पर गांव छछेडा की तरफ जा रहा था । जब वह जिला जेल नूंह के पास पहुंचा तो देखा कि 10/12 नौजवान लडके नूंह जेल के मुख्य द्वार के सामने नूंह पलवल रोड पर आपस में गाली- गलौंच कर आपस में झगडा करते हुए तेज, 2 आवाज में कह रहे थे कि आज हमारा साथी शीला डॉन जेल से छूट जायेगा । अब मचायेंगे तहलका जिनको देखकर रोड पर आने जाने वाले लोग डरे हुए खडे थे । इस बारे सहायक उप निरीक्षक राजेश द्वारा उच्चाधिकारियों को तुरंत अवगत कराया गया । जिस पर निरीक्षक अमित कुमार प्रभारी सीआईए नूंह के नेतृत्व में गठित एक टीम व उप निरीक्षक संजीव थाना सदर नूंह के नेतृत्व में गठित अन्य टीम मौका पर पहुंची । जो पुलिस पार्टी को देखकर हुडदंगबाज इधरङ्कउधर भागने लगे, जिनको नूंह पुलिस द्वारा काबू किया गया । हुडदंगबाजों से बारी ङ्क 2 नाम पता पूछने पर अपने नाम राहुल पुत्र महा सिंह, संजय पुत्र नरेश, सोमबीर पुत्र धर्मबीर, सोनू पुत्र कर्ण सिंह सभी निवासियान पांची जाटान थाना गन्नौर सोनीपत व रोहित पुत्र सतीश निवासी उदयसीपुर थाना गन्नौर, विशाल पुत्र रामधारी, अतुल पुत्र गणेश, अक्षय पुत्र अशोक, रोहित पुत्र रामबीर, मोहित पुत्र अशोक सभी निवासियान जटौला थाना खरखौदा, सुमित पुत्र महाबीर निवासी सैदपुर थाना खरखौदा, आशीष पुत्र सहदेव निवासी बिलबिलाण थाना सदर गौहाना सोनीपत बतलाये ।

जिस संबन्ध में थाना सदर नूंह में संबन्धित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके आरोपियों को मुकदमा में गिरफ्तार किया गया । आरोपियों के कब्जा से 14 मोबाईल फोन, 22,700/- रुपये नकद, 5 गाडी ( 2 स्कारपियों, 1 जीप कम्पास, 1 टाटा पंच व 1 कार द्व-10) व अन्य सामान बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया । पुलिस पूछताछ पर सामने आया कि जिला जेल नूंह में करीब डेढ वर्ष से बन्द हत्या के मुकदमा में 20 वर्ष की सजा काट रहा सजायाब कैदी सुशील उर्फ शीला पुत्र सुरेश निवासी पांची जाटान थाना गन्नौर, सोनीपत को 70 दिन की जेल से छुट्टी मिलने पर बाहर आने की खुशी में सभी आरोपी अपनी गाडियों के साथ उसे लेने के लिए जिल जेल नूंह आये थे और जिला जेल नूंह के गेट के सामने अपनी गाडियों के साथ हुडदंगबाजी कर रहे थे । आरोपियों को आज अदालत में पेश किया जायेगा । आपको बता दें कि सजायाब कैदी सुशील उर्फ शीला उपरोक्त ने अपने अन्य 5 साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2015 में जमीनी विवाद में 42 वर्षीय सजनपाल पुत्र ओम प्रकाश निवासी पांची जाटान थाना गन्नौर जिला सोनीपत की गोली मारकर हत्या कर दी थी । जिसमें आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा हुई ।

जो उपरोक्त सजायाब आरोपी करीब डेढ वर्ष पहले जिला जेल नूंह में जिला जेल सोनीपत से स्थानान्तरित होकर आया था और आरोपी की 70 दिन की जेल से छुट्टी मंजूर होने पर उसको गाडियों के काफिले के साथ ले जाने के लिए उसका भाई आशीष, परिजन व उसके साथी जिला जेल नूंह आये थे ।

**अपराध करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा : चंद्रभान**



---

# शिक्षा विभाग के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे निजी स्कूल संचालक



■ निजी स्कूल के संचालकों को नहीं है जिला प्रशासन के आदेशों की परवाह

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेशों के बाद नूंह जिला में पहली से पांचवी कक्षा तक के स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन बुधवार को नूंह में सनराईज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माउंट अरावली पब्लिक स्कूल, कंट्री ग्रामर स्कूल के अलावा कई स्कूलों में छोटे बच्चे देखे गए। ऐसे में उक्त निजी स्कूल संचालकों को सरकार व जिला प्रशासन के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। पूर्व से ही सरकार द्वारा इन स्कूलों में किसी भी आदेश की परवाह नहीं की जाती है। उक्त स्कूलों ने कोरोना काल में भी सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाई है। वहीं अब भी उक्त स्कूल संचालक बैखोफ सरकार व उपायुक्त के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। लगातार प्रदूषण के चलते जहां मौसम खराब हो रहा है वहीं नूंह जिला मुख्यालय पर स्कूल संचालक भारी लापरवाही बरत रहे हैं। बता दें कि उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष धीरेंद्र खडे टा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) व आसपास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता खराब होने की स्थिति में जिला नूंह में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में भौतिक रूप से कक्षाएं न लगाने के आदेश पारित किए हैं। उपायुक्त ने वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने आदेशों में बताया कि जिला में प्री स्कूल, प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं में पढने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधक, अध्यापक ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखें तथा बच्चों की स्कूलों में कक्षाएं न लगाएं। लेकिन नूंह जिला में निजी स्कूल संचालक खुलेआम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में देखना होगा कि अब प्रशासन द्वारा इसमें क्या कदम उठाया जाता है।

**करसेंगे शिकंजा**

जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि उक्त स्कूलों की सूचि ली जाएगी। जिला मुख्यालय पर जो भी स्कूल खुल रहे हैं उन स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्कूल द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इस बारे में नूंह खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश यादव ने कहा कि उक्त स्कूलों की शिकायत मिली है। कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

# उपायुक्त ने वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने हरियाणा के पिछड़े जिले नूंह को विकास की पटरी पर अन्य जिलों के समकक्ष लाने के जिस उद्देश्य से इसे आकांक्षी जिला की श्रेणी में शामिल किया था, उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। अभी हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश के 112 आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला नूंह को प्रथम स्थान मिला है। इसके साथ ही शिक्षा सहित अन्य सेवाओं को भी बेहतर बनाने के लिए भी कार्य किए जा रहे है, ताकि नूंह जिला को अग्रणी जिलों में शामिल किया जा सके। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने मेवात विकास प्राधिकरण की ओर से स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द की गई 7 वैन को लघु सचिवालय नूंह से अपनी शुभकामनाओं के साथ हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों व गर्भवती महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। अभी जिला में टीकाकरण अभियान को और स्पीडअप करने के लिए यह 7 वैन उपलब्ध करवाई गई हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पूरे नूंह जिला के प्रत्येक गांव को कवर कर सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को 100 प्रतिशत टीकाकरण किया जाए, ताकि इस क्षेत्र के बच्चे स्वस्थ व निरोगी बने रहें तथा नवजात बच्चे भी स्वस्थ पैदा हों।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सिविल सर्जन डा. राजीव बातिश, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आशीष सिंगला को निर्देश दिए कि इन 7 वैन को जिला के सभी रिमोट एरिया, ढाणी व दूर-दराज के क्षेत्रों में पहुंचकर सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को कवर कर उनका टीकाकरण किया जाए। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ से डा. संजीव कुमार, उप सिविल सर्जन एनएचएम डा. विशाल सिंगला व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली लड़कियां राज्य पुरस्कार के लिए 30 नवंबर तक करें आवेदन : धीरेंद्र खड़गटा

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 24 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लड़कियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए 30 नवंबर तक आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को नकद पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित करना विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। ऐसे पुरस्कारों से उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और उन्हें तथा अन्य लड़कियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। उपायुक्त ने बताया कि इच्छुक लड़कियां, जिन्होंने खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्य, मीडिया और साहित्य, बहादुरी तथा विशेष/विकलांग बच्चों द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया, बहादुरी आदि जैसे किसी भी क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि, हरियाणा में बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया, बहादुरी आदि जैसे किसी भी क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि प्राप्त करने का कार्य किया हो, वे इस सम्मान के लिए अपना आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की शर्तों को पूरा करने वाली लड़कियां अपना पूर्ण बॉयोडाटा, उपलब्धियों के दस्तावेजों सहित अपना सत्यापित आवेदन लघु सचिवालय नूंह में प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर-221 में जमा करवा सकती हैं।

---

# नूंह हिंसा के बाद भाईचारा सम्मेलन कर दिया एकता का संदेश

■ विधायक आफताब अहमद की अध्यक्षता में हुआ सम्मेलन, 36 बिरादरी के लोगों ने की शिरकत

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । सहित कई जिलों में 31 जुलाई को हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा के बाद गुरुवार को नूंह में विधायक चौधरी आफताब अहमद की अध्यक्षता में भाईचारा सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें समाज के सभी वर्गों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। कांग्रेस विधायक दल उप नेता कार्यक्रम के आयोजक रहे जिसमें मेवात के सभी समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि 31 जुलाई को नूंह सहित अन्य जिलों में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा थी। कुछ बाहरी शरारती तत्वों ने माहौल तैयार किया और टकराव की स्थिती उत्पन्न हुई। दोनों समुदाय को जान माल के नुकसान के साथ साथ आपसी विश्वास व भाईचारे को भी नुकसान हुआ। इसलिए आपसी भाईचारे व सद्भाव को मजबूत बनाए रखने के लिए ये सम्मेलन आयोजित किया गया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा प्रदेश सरकार व प्रशासन भले ही विफल साबित हुए लेकिन उक्त हिंसा के बाद शांति स्थापित करने के लिए इलाके के दोनों समुदाय के जिम्मेदार लोगों, खाप पंचायतों की भूमिका काबिल ए तारीफ रही और प्रदेश के लोगों ने नफ़रती विचारों को नकारने का काम किया। बता दें कि विधायक आफताब अहमद स्वयं अपने साथियों सहित उस दिन सडकों पर उतरकर अमन चैन के लिए प्रयासरत थे और सरकार प्रशासन से लगातार आवाम की बात को मजबूती से रख रहे थे। विधायक आफताब अहमद ने अपने संदेश में कहा कि हिंदू-मुस्लिम को आपस में नहीं लडना बल्कि सभी को मिलकर बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, भेदभाव, किसान विरोधी ताकतों, गरीब मजदूर विरोधी सोच, अनपढता, नफरत फैलाकर बांटने वाले से लडना है। उन्होंने कहा कि मेवात की आवाम को दंगे नहीं विकास, बिजली पानी, खाद, फसल के दाम, स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय, रोजगार, युवाओं का उज्जवल भविष्य चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है जबकि भाजपा सरकार बांटने की राजनीति करती है। इसलिए राहुल गांधी ने 3500 किलोमीटर पैदल यात्रा की ताकि नफरत के खिलाफ मोहब्बत व भाईचारे का संदेश दिया जा सके। घृणा की राजनीति को दूर कर देश में भाईचारा और सौहार्द का माहौल बनाना ही भारत जोड़ो यात्रा का मुख्य उद्देश्य था। आज फिर कांग्रेस भाईचारे को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने सभी से मिल कर मेवात, समाज, देश के भाईचारे को बचाने की अपील की है।






### मेवात हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल

विधायक आफताब अहमद ने मेवात के भाई चारे की मिसाल देते हुए कहा कि 1947 में बंटवारे के वक्त भी हिंदू-मुस्लिम के बीच सद्भाव बना रहा था। राजा हसन खां मेवाती ने मुस्लिम होने के बावजूद, युद्ध में मुगल बादशाह बाबर का साथ नहीं दिया था, बल्कि हसन खां मेवाती, राणा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा की तरफ से बाबर के खिलाफ युद्ध ल` थे। आजादी से लेकर आज तक यहां कोई ऐसे मामले नहीं हुए और इस बार भी बाहरी शरारती तत्व मामले को खराब करने के लिए जिम्मेदार थे। वहीं पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि हिन्दू और मुसलमान मुल्क की दो आंखें हैं, अगर इनमें से किसी को भी कोई नुकसान होता है, तो हमारा मुल्क एक आंख से अंधा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मेवात के हिंदु व मुसलमानों की साझा संस्कृति है। यहां दोनों समुदाय व्यापक स्तर पर एक-दूसरे के सुख-दुख बांटते हैं और किसी को भी हम इस भाईचारे को खराब नहीं करने देंगे।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जीएस मलिक, लाला वेदप्रकाश, लाला राज, लाला महेंद्र पाहाडू, समय सिंह सलम्बा, संदीप गर्ग, रोहित लाला, लाला मोहन सालाहेड़ी, पंडित सुरेश कलयाकी, सरदार निहाल सिंह पलडी, मनोज अरो ा, योगेश गर्ग, आलोक गुप्ता, विष्णु सिंगला, आनंद आटा, करतार आटा, सुरेंद्र बारोटा, लक्ष्मण बारोटा, हरीश गोयल, मीना प्रधान, रवि मक्ष , मदन तंवर पार्षद, नरेश शर्मा, वीरेंद्र प्रकाश गर्ग, घनश्याम बांग ी, राजेन्द्र बघेल, भजनलाल बघेल, डॉ साहिल खे ा, कमल ठेकेदार, ताहिर गवालदा, राजू कटारिया, संजय मक्ष , काली पुत्र तेजभान, दयाल, विजय खुराना, बिजेंद्र ठेकेदार उजीना, हुकुम सरपंच, जीत सरपंच किरा, जयराम सरपंच, रामकरण, रब्बा सरपंच छपे ा, राजबीर चैयरमैन, सुक्खी चैयरमैन, पंडित जुगल, गंगाराम लम्बरदार, लेखराम आल्दुका, प्रिंस उजीना, मायाराम, देशराज, मांगे छछे ा, रवि गंगोली, धर्मेंद्र इंडरी, भरमजीत इंडरी, रतिराम धाधुंका, सुरेंद्र आके ा, सुरेश आके ा, हेमराज सरपंच दुबालू, भजनलाल दुबालू, भगतसिंह,शरीफ अ बर पीसीसी डेलीगेट, चौ सपात मेवली, समसू ठेकेदार रेहना, आमिल जुम्मा चैयरमैन, हाजी एजाज सलम्बा, जक्की सलम्बा, साजिद सरपंच सलम्बा, हाजी साहाबू कैराका, नईम फिरोजपुर नमक, जावेद सरपंच कैराका, अहमद चैयरमैन अलावलपुर, शोराब मालब, ताहिर वकील देवला, हाजी अब्बास जयसिंहपुर, साजिद सरपंच रेवासन, हाजी गुड्ढू, यूसुफ फिरोजपुर नमक,विनोद गर्ग, जमील सरपंच टाई आदि मौजूद थे।

## खबर फटाफट

### 7 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की, मामला दर्ज

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव सुंदरह में छापेमारी कर पुलिस ने 7 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। थाना अध्यक्ष हरदेव सिंह ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने एक पुराने खंडहर मकान में दबिश दी। जहां से 7 पेटी अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी युवक को काबू करना चाहा लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने जांच की तो 3 पेटी में शराब की बोतलें 12-12 मार्का रसीला संतरा व 4 पेटी में पव्वे 50-50 मिले। अवैध शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने कृष्ण ठुरिया सुदंरह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया।

### पुलिस ने छापेमारी कर युवक से स्मैक बरामद की

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने बीते दिवस नशीला पदार्थ बेचने वाले एक युवक के कब्जे से 80 मिलीग्राम स्मैक जो माचिस के डब्बी में पांच पुडियों में पैक की हुई थी बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी मुताबिक मुखबिर खास से मिली सूचना उपरांत जब पुलिस ने ग्राम भोजावास स्थित शिव शक्ति धर्म कांटा के समीप खड़े एक व्यक्ति लखन सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी भोजावास की जब ड्यूटी मजिस्ट्रेट अतुल बत्रा की उपस्थिति में तलाशी ली तब उसकी जेब से एक माचिस की डब्बी बरामद हुई जो खोल के देखने पर उसमे से पांच पुडिया मिली। जिनमें 80 मिलीग्राम स्मैक थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21/29-61-85 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार करके कार्यवाही आरम्भ कर दी है।

### अग्निवीर योजना के खिलाफ गांव गोद से शुरू होगी युवा जन आक्रोश यात्रा

**नारनौल।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद इंजीनियर तेजपाल यादव, अग्निवीर योजना व भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ में आम जन को जागरूक करेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद् इंजीनियर तेजपाल यादव, अग्निवीर योजना के खिलाफ में व भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ में नांगल चौधरी क्षेत्र में युवा जन आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं। यह युवा जन आक्रोश यात्रा आज 10 नवंबर 2023 से गांव गोद से शुरू होगी और 17 नवंबर को इसका समापन होगा। इंजीनियर तेजपाल यादव ने बताया कि आज अग्निवीर योजना लाकर भाजपा सरकार ने केवल अहिरवाल क्षेत्र ही नहीं अपितु पूरे भारत के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, सेना की नौकरी तक को कच्चे पर रख दिया गया है, यह एक बहुत बड़ी समस्या है। इस समस्या और भाजपा सरकार की अन्य जन विरोधी नीतियों के खिलाफ में वह क्षेत्र के युवाओं में इंकलाब पैदा करने की कोशिश करेंगे और उनको अपने हक के लिए खड़ा होने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि युवा जन आक्रोश यात्रा नांगल चौधरी क्षेत्र के दर्जनों गांव में जाएगी और इस क्षेत्र के नौजवानों को आम लोगों को अपने हक के लिए खड़ा होने के लिए प्रेरित करेगी। 10 नवंबर 2023 को इंजीनियर तेजपाल यादव नांगल चौधरी क्षेत्र के गांवों गोद, बलाहा, भांखरी, रघुनाथपुरा, कोरियावास में जनसभाएं करेंगे।

### नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर आयोजित



**नारनौल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के दिशा निर्देशानुसार आज डोहर में एक निजी स्कूल के बच्चों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर नैतिक मूल्यों की शिक्षा के नोडल अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पहले बच्चों को गुरूकुलों में पढ़ाने के कारण व्याकरण, वेद, विज्ञान, गणित व अन्य विषयों के साथ अध्यात्म, तर्कशास्त्र, स्वास्थ्य और आत्मरक्षा विषय अनिवार्य रूप से पढ़ाए जाते थे। इससे संस्कार स्वतः ही मिल जाया करते थे। इसलिए देश के युवक युवतियां देशभक्त, राष्ट्रवादी, सत्यनिष्ठा और सदाचारी होते थे। उन्होंने बताया कि जब से लार्ड मैकाले ने गुरूकुलों को नष्ट करके अपनी शिक्षा नीति चलाई है तब से स्कूलों में सनातन संस्कृति तो क्या नैतिक शिक्षा भी नहीं पढ़ाई जाती है। इसलिए हमारे बच्चे संस्कारवान होने की अपेक्षा दुर्व्यसनों में फंसकर अपना जीवन नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भौतिकता की चकाचौंध में पड़कर अपने देश, धर्म से भी विश्वासघात कर जाते हैं। ऐसे में प्रत्येक परिवार के हर एक सदस्य का दायित्व है कि बच्चों में भौतिक संसाधनों के स्थान पर अच्छी शिक्षा व संस्कार देने का लक्ष्य तय करें क्योंकि आज के युवा जिस तनाव, अवसाद, गलत संगत, अंधविश्वास और अनुशासनहीनता की गिरफ्त में हैं उसका मूल कारण परिवारों में संस्कारों का अभाव ही है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरीश शर्मा युवा सामाजिक कार्यकर्ता ने भी अपने विचार रखें तथा बच्चों को भारतीय संस्कृति में तीज त्योहारों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हरीश शर्मा युवा सामाजिक कार्यकर्ता तथा मनोज कुमार प्रबन्धक ई-लाईब्रेरी बाल भवन नारनौल, चेयरमैन अजीत सिंह एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### कम कीमत पर सामान देने का झांसा देकर पैसे ठगने के मामले में दो गिरफ्तार

**नारनौल।** लेडीज सामान कम कीमत पर देने का झांसा देकर पैसे ठगने के मामले में साइबर थाना की टीम ने दो आरोपियों बल्लू मिया वासी अचिनतपुर जिला शाहजहापुर यूपी और सौमित कुमार वासी रफियाबाद कलां जिला शाहजहापुर यूपी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों को रेवाड़ी के धारूहेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। जिन्हे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा आरूटों से सख्ती से पूछताछ की गई, पूछताछ में पुलिस ने आरोपियों के पास से 23 हजार नौ सौ रुपए, एक गाड़ी, 3 मोबाइल और 1 एटीएम कार्ड बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की शिकायत विकास निवासी गांव बचीनी महेन्द्रगढ ने एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कराई थी। जिसमे उसने बताया कि उन्होंने घर पर ही लेडीज कपड़ों की दुकान की हुई है और दुकान मे सीसीटीवी लगवाया हुआ है।

कोरोना में माता-पिता को खो चुके बच्चों से डीसी मोनिका गुप्ता ने कहा

# अपने आप को अकेला न समझें, किसी भी कार्य के लिए डीसी से मिले

## डीसी ने बच्चों को मिठाई बांटकर दी दीपावली की शुभकामनाएं

### पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत जिला प्रशासन इन बच्चों का अभिभावकः उपायुक्त

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है, जिला प्रशासन ऐसे बच्चों के अभिभावक के रूप में कार्य कर रहा है। अगर किसी बच्चे को कोई परेशानी है तो बेझिझक अपनी बात रखें। उपायुक्त आज लघु सचिवालय में उन बच्चों व युवाओं से बातचीत कर रही थी। जिनके अभिभावक की कोरोना काल में असामयिक मौत हो गई थी। डीसी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाइयां भेंट की। डीसी ने कहा कि आप कभी भी अपने आप को अकेला ना समझें। आपको शिक्षा प्राप्त करने या अन्य किसी कार्य की जरूरत पड़े तो तुरंत उनसे मिलें। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत जिला प्रशासन आपका अभिभावक है। जिला महेंद्रगढ़ के ऐसे तीन युवाओं ने उपायुक्त से मुलाकात की। इनमें सन्नी देव, लक्की व प्रिंस शामिल है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी व लेखाकार प्रेमलता तथा अन्य मौजूद थे।



**डीसी ने बच्चों से की बातचीत**

*डीसी ने इन सभी से काफी देर तक इनकी पढ़ाई के बारे में बातचीत की। डीसी ने कहा कि जो सपना आपकी मां-बाप ने आपकी कामयाबी के लिए देखा था, वही सपना अब हम अभिभावक होने के नाते आपके लिए देख रहे हैं। आप मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखें अगर किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत उनसे संपर्क करें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश अनुसार कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया था उन्हें जिला प्रशासन की ओर से पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत त्योहारों के उत्सव में उनके अभिभावकों के साथ भी शामिल किया जाता है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त ने दीपावली के मौके पर इन बच्चों के साथ काफी देर तक समय बिताया। उन्होंने सभी बच्चों से आह्वान किया कि वह लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में रहे।*

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक आयोजित

### पीड़ितों को दी जाने वाली राहत तथा पुनर्वास आदि का निश्चित अवधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करें: डीसी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को दी जाने वाली राहत तथा पुनर्वास आदि का निश्चित अवधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति/ जनजाति से संबंधित सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई गई है उनका लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के नागरिकों से संपर्क करके ऑनलाइन आवेदन की कार्रवाई करवाई जाए। गैर सरकारी सदस्यों की ओर से अनुसूचित जाति से संबंधित चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार का मकसद है कि समाज के हर वर्ग समान रूप से आर्थिक तरक्की करें। सभी समाज एक साथ मिलकर रहे, यह हम सबका उद्देश्य है। इस बैठक में डीएसपी जितेंद्र कुमार, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्य मौजूद थे।



## जन विश्वास रैली के लिए विधायक ने किया 15 गांवों का दौरा



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

मंडी अटेली। नांगल चौधरी के विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर 2023 रविवार को दौंगड़ा अहीर में आयोजित होने वाली जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए अटेली विधानसभा क्षेत्र के 15 गांवों का दौरा किया। डा. यादव ने ग्रामीणों को निमंत्रण देते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा सरकार में 9 वर्षों तक लगातार काम किया है अब एक राजनीतिक रैली करने जा रहे हैं। जिसमें उन्हें आपका सहयोग व समर्थन चाहिए। इसलिए 10 दिसंबर 2023 को दौंगड़ा अहीर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर उनकी ताकत बढ़ाएं। गांव सिलारपुर व मोहम्मदपुर में डीजे पर नाचते हुए मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ गांवों में स्वागत किया तथा विधायक पर ड्रोन से फूल बरसाए। डा. यादव ने गुरुवार को खोड, भोडी सागरपुर, अटाली, अटाली की ढाणी, दुलोठ जाट, सिलारपुर, मोहम्मदपुर, कटकई, गुजरवास, ढाणी गुजरवास, ढाणी हरसुख, कलवाड़ी, दौंगड़ा जाट व मुंडिया खेड़ा गांवों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ नांगल चौधरी पंचायत समिति अध्यक्ष कर्मपाल यादव, शमशेर जिला पार्षद, मुरली प्रधान, नारनौल पंचायत समिति अध्यक्ष पंकज यादव, सीहमा पंचायत समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, पंचायत समिति अध्यक्ष निजामपुर विनोद यादव, सुरेश यादव रिटायर्ड डिप्टी डीए, सुभाष यादव एडवोकेट, हरिराम एडीओ, कपिल यादव पार्षद व निजामपुर सरपंच संगठन के प्रधान विक्रम के अलावा अनेक गांवों के सरपंच व पूर्व सरपंच के अलावा सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का लिया संकल्प



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में आर्यभट्ट टेक्नो सोसाइटी आफ फिजिक्स एवं पर्यावरण मित्र क्लब के संयुक्त सौजन्य से दीवाली प्रकाश पर्व या ध्वनि और वायु प्रदूषण विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ओर प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. मनीषा यादव ने की। उन्होंने इस अवसर पर छात्राओं को दिवाली की शुभ कामनाएं दी एवं उनसे से प्रदूषण रहित दिवाली उत्सव मानाने की अपील की। पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर संजय यादव ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ा खतरा है। हाल ही में जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार देश के बीस सबसे प्रदूषित जिलो में से छह हरियाणा के हैं, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर है जो बहुत बड़ा चिंता का विषय है। पटाखों से वायु प्रदूषण के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी होता है। अतः बिना आतिशबाजी के मिट्टी के दिए जलाकर सादगी के साथ इस प्रकाश पर्व को मनाये और मानवता को खुशियां बांटे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान पूनम एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अंजलि एवं पायल को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. सिकंदर, प्रो.अनूप यादव एवं सुशीला ने निभाई। प्रोग्राम के अंत में भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. राजकुमार ने कहा त्यौहार खुशियां मानाने के लिए होता है एवं हमारी खुशियां के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना न्यायोचित नहीं है। हमें स्वं भी पटाखों का प्रयोग नहीं करना चाहिए और दूसरें को पटाखों के प्रयोग से होने वाले पर्यावरण दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टॅाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## 14.44 ग्राम नशीले पदार्थ सहित एक काबू

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के नेतृत्व में जिला महेंद्रगढ़ को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए नारनौल की टीम ने एक नशा तस्कर को काबू किया है। सीआईए नारनौल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 14.44 ग्राम नशीला पदार्थ चिट्टा सहित एक आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल की है। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है। काबू किए गए आरोपी के खिलाफ थाना शहर नारनौल में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकरी देते हुये बतालया कि सीआईए नारनौल की पुलिस टीम गश्त के दौरान सुभाष स्टेडियम नारनौल मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली की रिंकू निवासी मोहल्ला मिश्रवाडा नारनौल, मोहल्ला बड़ का कुआं नारनौल में किराए के मकान पर रहता है और अपने किराए के मकान के बाहर खड़ा होकर नशीला पदार्थ चिट्टा बेच रहा है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित को नशीले पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। सूचना पर सीआईए की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, वहां पर खड़ा एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसे टीम ने काबूकर पूछताछ की, पूछताछ में उसने अपना नाम रिंकू उपरोक्त बतलाया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से चिट्टा बरामद हुआ। डब्बी के अंदर सिल्वर पेपर में नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और सिटी थाना नारनौल में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## यूथ फेस्टिवल में यदुवंशी कालेज का शानदार प्रदर्शन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। आईजीयू, मीरपुर में आयोजित इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाडी में 6 से 8 नवंबर तक आयोजित किए गए 3 दिवसीय यूथ फेस्टिवल (हिंडोला 3.0) में यदुवंशी डिग्री कालेज के विद्यार्थियों ने कुल 44 प्रतिस्पर्धाओं में से 10 प्रतिस्पर्धाओं में स्थान प्राप्त करके अपना दबदबा कायम किया। कार्यक्रम में कुल 131 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कालेज, नारनौल के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य (सामान्य) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय वाद्य एकल,




समूह गान (भारतीय) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लाइट वोकल भारतीय, हरियाणवी आर्केस्ट्रा, हरियाणवी एकल (महिला), हरियाणवी शोर्ट फिल्म, पोस्टर मेकिंग, क्ले मोडलिंग में तृतीय स्थान हासिल किया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन, राव बहादुर सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देकर उनका हौसला बढ़ाया। कॉलेज प्रिंसिपल डा. सत्यवीर यादव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उन्हें आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन के लिए और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर सुरेश यादव, वाईस प्रिंसिपल डा. सोनल यादव, डा. प्रदीप यादव, बीएड प्रिंसिपल बजरंग लाल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जेएनवि करीरा में शिक्षक अभिभावक संघ गठन का आयोजन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में आज शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। इसमें नारनौल, अटेली, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी व कनीना खंड के अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि इसमें प्रत्येक खंड के 1 महिला व 1 पुरुष अभिभावक का चयन किया गया। नांगल चौधरी से रामसिंह व मंजू, कनीना से हरमहेन्द्र सिंह व सुमन, नारनौल से हरिसिंह व रेखा, महेन्द्रगढ़ से वीरेन्द्र सिंह व संतोष कुमारी एवं अटेली से विजय सिंह व दीपिका रानी चयनित हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्य विक्रम



सिंह ने किया। शिक्षक गजेन्द्र सिंह व विजय मोहन ने विद्यालय और विद्यार्थियों की प्रगति के लिए अभिभावकों के सहयोग की अपेक्षा की। सक्सेना ने चुने हुए सदस्यों का स्वागत किया व अभिभावकों के सहयोग की आशा रखते हुए दीपावली के त्यौहार की अग्रिम शुभकामना प्रेषित की। उप-प्राचार्य धर्मेन्द्र आर्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिक्षक अभिभावक संघ के चुने हुए सदस्यों ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और विद्यालय की उत्तरोत्तर उन्नयन के लिए प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना एवं समस्त शिक्षकों को साधुवाद दिया।

दुरुपयोग

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को किया प्रशिक्षित

# राजावास के प्रोजेक्ट नहरी पानी गुणवत्ता से भरपूर, पीने में करें प्रयोग : प्रदीप कुमार

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जल जीवन मिशन के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जिला महेन्द्रगढ़ की ओर से ग्राम पंचायतों में बनी ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के लिए पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के लिए क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महेन्द्रगढ़ के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने की। कार्यशाला में ग्राम पंचायतों को संबोधित करते हुए कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत विभाग हर घर नल से स्वच्छ जल



देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग ने सतनाली खंड की सभी ग्राम पंचायतों को पेयजल के लिए नहरी पानी प्रदान करने के लिए राजावास में जल संसोधन संयत्र बनाया गया है। नहर के पानी को जहां शुद्ध करके गांव-गांव पहुंचाया जा रहा है। गुणवत्ता परक इस पेयजल का अधिक से अधिक पीने में प्रयोग करें व आमजन को जागरूक करें कि नहरी आधारित पानी का पीने में प्रयोग करें ताकि स्वास्थ्य बना रहें। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को उनके कार्यों व उद्देश्यों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिला की भूमिका अहम होने वाली है। पानी के बिलों का संग्रह करना व नये कनेक्शन प्रदान करने का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी। बीआरसी अशोक कुमार ने ग्राम पंचायतों के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को अपने-अपने गांवों में जल संरक्षण की मुहिम को तेज करें व हर नल पर टूंटी लगाना भी सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर रामशरण ने वाटर ट्रीटमैंट प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की व नहर के पानी को पीने में प्रयोग करने के लिए आमजन से अपील भी की। उन्होंने नहरी पानी की बर्बादी को रोकने के लिए घर-घर जाकर ग्रामीणों को समझाया। लैब असिस्टेंट विकास ने पेयजल की रसायन जांच करके बताया कि पानी में रसायनों का तय मात्रा से कम या ज्यादा होना हमारे शरीर के लिए खतरनाक है। बीआरसी इंद्रजीत ने जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से बताया। मंच का संचालन बीआरसी मोहित कुमार ने किया। इस मौके पर बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी पूजा रानी, बीआरसी मोहित, डीपीसी अंकुर, सोशियोलॉजिस्ट अजीत, मनोज, दिनेश कुमार सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का हुआ आयोजन



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सिहमा खंड के गांव डेरोली अहिर में वीरवार को राष्टीय आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डेरोली अहीर के सरपंच लखीराम यादव दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस निशुल्क शिविर में डा. नितिन कुमार, डा. इंदु बाला, डा. तनुज, डा. शक्ति सिंह द्वारा शिविर में पहुंचे लोगों को निशुल्क परामर्श देकर दवाइयां तथा औषधियां वितरित की। इस मौके पर सरपंच लखीराम यादव ने कहा कि आयुर्वेद देश की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है वर्तमान समय में इसे और लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। आयुर्वेद ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसका मानव शरीर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। इसमें उपयोग होने वाली दवाई आसपास ही मौजूद होती है। आयुर्वेद और योग को अपनाकर हम अपने जीवन को स्वस्थ व सुखी बना सकते हैं। डा. नितिन ने बताया कि शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के कुशल चिकित्सकों व वैद्य ने परामर्श देकर निशुल्क इलाज व दवाइयां प्रदान की है।

10 page 6_01.qxd 11/9/2023 9:14 PM Page 1



## खबर फटाफट

### बंदियों को विचाराधीन केसों, अपील व जमानत के प्रावधानों की दी जानकारी




**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विमल कुमार के निर्देशन एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी वर्षा जैन की अध्यक्षता में जिला कारागार रेवाड़ी में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला जेल में कैदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा एडवोकेट यशपाल शर्मा सहित एडवोकेट हरीश कुमार व हेमलता द्वारा कैदियों को उनके विचाराधीन केसों, अपील, जमानत के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे कानूनी सहायता नंबर 01274-220062 के बारे में बताया गया इस नंबर पर कोई भी कानूनी जानकारी निशुल्क प्राप्त की जा सकती है। शिविर में सिविल अस्पताल से डाक्टर अनिल एवं डा. पवन मनोचिकित्सक, डा. प्रीति बिसला और उनकी टीम और आयुष विभाग से डा. राहुल बत्रा, डा. राजेश सिरोहा, डा. नरेश यादव एवं जयदीप और सतीश कुमार योग सहायक ने कैदियों को योग व आयुर्वेद के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### माजरा एम्स शिलान्यास की तिथि बताने को तैयार नहीं भाजपाई : विद्रोही

**रेवाड़ी।** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि भाजपा के मंत्री, संतरी माजरा एम्स का शिलान्याय जल्द होगा, विगत एक वर्ष से यही राग अलाप रहे है लेकिन किस तारीख होगा, यह बताने को तैयार नही है। विद्रोही ने कहा कि गुरूग्राम सासंद व केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने एक बार फिर बयान दागा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही माजरा एम्स का शिलान्यास करेंगे व शिलान्यास के एक सप्ताह बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। सवाल उठता है कि जब माजरा एम्स भवन निर्माण टेंडर प्रक्रिया पूरी नही हुई तो शिलान्यास कब होगा? वहीं बिना कानूनी औपचारिकताएं पूरी किये भाजपा सरकार के मंत्री-संतरी शीघ्र शिलान्यास होगा, ऐसा राग अलापकर अहीरवाल की जनता को भावनात्मक रूप से क्यों ठग रहे है? शिलान्यास के असंगत दावे करने की बजाय पहले भाजपा सरकार के मंत्री-संतरी माजरा एम्स निर्माण सम्बन्धित सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी क्यों नही करते?

### मिलावटखोरों पर प्रशासन की पैनी नजर

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने त्यौहारी सीजन पर आमजन का आह्वान किया है कि वे मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों विशेषकर मिलावटी मिठाईयों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थ सेहत व स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं, आमजन को इसके प्रति सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिलावट खोरों पर पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि जिला में इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ फूड सेफ्ट एक्ट के तहत नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन इस बारे जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से चॉकलेट और ड्राई फ्रूट्स की मांग भी दिवाली पर बढ़ी है। इसी को देखते हुए मिलावटखोरों ने नकली चॉकलेट और घटिया गुणवत्ता के ड्राई फ्रूट्स भी बेचने शुरू कर दिए हैं. सूखे मेवों को ताजा दिखाने के लिए केमिकल्स का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा उन पर चमक लाने के लिए रंगों का प्रयोग किया जा रहा है। आमजन को दीपावली के पर्व पर मिठाई खरीदते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव नंदरामपुर बास निवासी दीपक पुत्र हंसराज के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए धारूहेड़ा के सरकारी अस्पताल में गई थी। अस्पताल में आरोपी दीपक से उसकी मुलाकात हुई और उसने बताया कि वह ही आयुष्मान कार्ड बनाता है। आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर ले लिए। इसके बाद बताया कि आज साइट नहीं चल रही है। कार्ड बनवाने के लिए कल आना। अगले दिन वह अस्पताल गई तो आरोपी ने बताया कि जल्द कार्ड बनवाना है तो बड़े साहब से मिलना पड़ेगा। बड़े साहब के साइन होने के बाद तुरंत आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। आरोपी उसे अपनी स्कूटी पर बैठाकर एक होटल में ले गया और उसे पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद वह बेसुध हो गई और आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर उसे दुष्कर्म होने का पता लगा तो उसने विरोध किया। आरोपी ने उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी और भगत सिंह चौक पर छोडे र चला गया। इसके बाद आरोपी अलग-अलग नंबर से फोन कर उसे ब्लैकमेल करने लगा। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ महिला थाना में अपहरण, नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी दीपक पुत्र हंसराज निवासी गांव नंदरामपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

### कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रेवाड़ी।** जिले के गांव जड़थल स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी से निकाले गए करीब तीन सौ कर्मचारियों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। कंपनी के बाहर तथा जिला सचिवालय के निकट कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा मांगों का ज्ञापन उपमंडल अधिकारी होशियार सिंह को सौंपा। गौरतलब है कि गत एक नवंबर को गांव जड़थल स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी ने करीब तीन सौ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि कंपनी की ओर से उन्हें नोटिस तक नहीं दिया गया। हटाए जाने से एक दिन पहले तक वे कंपनी में काम करने आए थे। इसके उपरांत कर्मचारियों को लाने के लिए कंपनी की बस ही नहीं पहुंची। जब कर्मचारी कंपनी पहुंचे तो पता लगा कि उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। जिसके बाद से कर्मचारी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।
गुरुवार को कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों ने अपनी मांगों तथा कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रेवाड़ी में प्रदर्शन किया तथा उपमंडल अधिकारी की मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसके उपरांत गुरुवार सायं ही कर्मचारी नेताओं तथा कंपनी प्रबंधन के बीच बैठक कर समाधान निकालने की बात कही गई।

---

केंद्रीय मंत्री ने रेवाड़ी स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# तय समय सीमा में पूरे हों विकास कार्य : राव इंद्रजीत

**राव इंद्रजीत सिंह ने रेवाड़ी के 253 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास**

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों को जिला में चल रहे विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्य तय समय सीमा में पूरा न कराने पर संबंधित विभागाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राव इंद्रजीत सिंह गुरूवार को स्थानीय लोकनिर्माण विश्राम गृह में भालखी-माजरा एम्स सहित एलसी-61 भाड़ावास फाटक, नारनौल रोड़ से झज्जर बाईपास रोड़, बड़ा तालाब व सोलहराही तालाब, एलसी-3 व 59 आरओबी, रेवाड़ी बाईपास सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति बारे अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने बैठक में एक-एक करके विकास कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट तलब करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करें। विकास कार्यों को लेकर कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पहुंचने पर डीसी राहुल हुड्डा ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक से पहले केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना एवं कॉरपोरेट मामले राज्य मंत्री ने जिला परिषद की ओर से रेवाड़ी के डेढ़ दर्जन गांवों के 253 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी जिला में अनेक कार्य लंबित हैं और कई नए विकास कार्य शुरू किए जाने हैं। संबंधित अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और विकास कार्यों को पूरा करवाएं। उन्होंने जिले में सडे तंत्र, तालाब सौंदर्यकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के साथ-साथ विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकनिर्माण विभाग व सिंचाई विभाग सोलहराही तालाब और हनुमान मंदिर स्थित बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाएं। बैठक में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल, विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक अटेली मंडी सीताराम यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मनोज यादव, सुनील यादव मुसेपुर, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, एसडीएम बावल डा. जितेंद्र सिंह, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, डीएमसी उदय सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### केंद्रीय मंत्री ने रेवाड़ी व धारूहेड़ा बस स्टैंड के संबंध में अधिकारियों से ली स्टेटस रिपोर्ट

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने अधिकारियों से रेवाड़ी व धारूहेड़ा में बनने वाले बस स्टैंड की प्रगति रिपोर्ट तलब करते हुए समीक्षा की और कहा कि रेवाड़ी शहर व धारूहेड़ा बस स्टैंड के निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाएं ताकि यात्रियो को परेशान न होना पड़े। उन्होंने बैठक में रेवाड़ी-नारनौल रोड़ पर पाली रेलवे फाटक पर बनाए गए ओवरब्रिज बारे संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश कि वे ओवरब्रिज निर्माण में जो-जो खामियां हैं उन्हें तुरंत ठीक करवाएं ताकि वाहन चालकों को परेशान न होना पड़े। नेशनल हाईवे से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को सर्विस रोड़ की मुरम्मत कराने, साइन बोर्ड लगवाने सहित अवैध कटों को बंद करवाने के निर्देश दिए। नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में सफाई व्यवस्था का पूर्ण रूप से ध्यान रखें। कूड़ा-कचरा सड`ां पर न फैलाएं बल्कि उसका सही ढंग से निस्तारण कराया सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी शहर सहित रामसिंहपुरा में आमजन को कूड़े की समस्या से छुटकारा दिलाएं तथा जनहित को देखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने शहर में गौवंश सहित कुत्तों व बंदर जैसे आवारा पशुओं को पकड़वाने के निर्देश भी दिए।



### सोलहराही तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

बैठक उपरांत केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर सेक्टर 1 स्थित सोहलराही तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए लोकनिर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर सोलहराही तालाब के नक्शे का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि सोलहराही तालाब के आस-पास भी अतिक्रमण किया हुआ है उसे हटवाया जाए। उन्होंने कहा कि सोलहराही तालाब रेवाड़ी का प्रसिद्ध तालाब है और इसका संरक्षण अति आवश्यक है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्माण प्रक्रिया पूरी होने उपरांत तालाब में जल्द से जल्द पानी भरवाने के निर्देश दिए।

---

# श्रीराम मंदिर के दर्शनार्थ निमंत्रण रूपी पीतांबरी अक्षत कलश पहुंचा रेवाड़ी

**विहिप समेत अनेक संगठन पदाधिकारियों ने ढोल-बाजे के साथ किया स्वागत**

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। श्रीराम मंदिर व राम लला के दर्शन हेतु निमंत्रण स्वरूपी पीताम्बरी अक्षत (पीले चावल) का कलश गुरुवार को रेवाडी पहुंचा। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राधेयशयम मित्तल की अध्यक्षता में कलश का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।
विहिप जिलाध्यक्ष राधेयशयम मित्तल में बताया कि 9 नवम्बर 2019 को देश के सर्वोच्य न्यायालय ने 500 वर्षो से हिन्दू समाज के निरन्तर संघर्ष को विराम देते हुए अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मन्दिर परिषर का फैसला हिन्दू समाज के पक्ष में दिया था। जिसके फलस्वरूप 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा नीव रख दी गयी थी। उसी की निरंतरता में पिछले 3 वर्षो से लगातार मन्दिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में 5 नवम्बर 2023 को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में पहला शुभ कार्यक्रम मन्दिर व राम लला दर्शन निमंत्रण हेतु पावन पवित्र पीताम्बरी अक्षत पूजन सम्पन्न हुआ। इसके तत्पशचात भारतवर्ष के सभी प्रान्तों से आये कार्यकर्ताओं को निमंत्रण रूपी पीताम्बरी अक्षत कलश वितरित किये गए। उसी कड़ी में हरियाणा से प्रांत मंत्री वरुण कुमार अयोध्या से आज रेवाडी जिले को निमंत्रण देने हेतु पीताम्बरी अक्षत कलश लेकर रेवाडी पहुंचे।



जिला मंत्री राजकुमार यादव ने बताया कि रेवाडी में महाराजा अग्रसैन चौक पर पवित्र अक्षत कलश को उन्होंने अपने सिर पर धारण किया। जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने पवित्र अक्षत कलश को माल्यार्पण कर स्वागत किया। यह कलश अग्रसैन चौक से ढोल-बाजे के साथ सर्व समाज व अनेक संगठनो के कार्यकर्ता द्वारा हर्षोल्लास के साथ कलश को लेकर बडा तालाब हनुमान मन्दिर लेकर गए। जहां कलश को सुरक्षित रख दिया गया है। दीवाली कार्यकम सम्पन्न होने के बाद इसके निमित सन्त समाज, सामाजिक संगठन व आम जनमानस के साथ बैठकर सभी नगर, कस्बे, गांव-गांव व घर-घर निमन्त्रण देने की योजना व रचना पर चर्चा करके सभी को निमंत्रण देने की योजना अनुसार कार्य किये जायेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से रामावतार लांबा, अजय मित्तल, भीम सैन गौड, विकास, सुधीर, प्रशांत, विवेक, देवेश जोशी, अरुण, विश्व हिन्दू परिषद से रामप्रसाद यादव, नरेश गुप्ता, अंजुल, राजेन्द्र सिंघल, त्रिलोक चंद शास्त्री, अजीत सिंह यादव, कुन्दनलाल, पवन ढिल्लो, चन्द्रमोहन गुप्ता, संदीप, नरेश यादव, राजेन्द्र यादव, धर्म जागरण मंच के डॉक्टर हेमंत, संगीत व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सौहार्दपूर्ण ढंग से इको फ्रेंडली तरीके से त्यौहार मनाने का दिया संदेश

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने जिलावासियों पंच पर्व (धनतेरस, छोटी और बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाई दूज) की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि वे दीपवाली के पावन पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से इको फ्रेंडली व प्रदूषण मुक्त तरीके से ही मनाएं और केवल ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखे पर्यावरण को अधिक प्रदूषित नहीं करते।
उन्होंने कहा कि जिलावासी मिलकर पर्यावरण को अपनी भावी पीढियों के लिए सुरक्षित रखें। उन्होंने जिलावासियों से इस दीपावली पर ग्रीन पटाखों के अलावा दूसरे पटाखों का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि पटाखें कई प्रकार से पर्यावरण व हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक हैं।
उन्होंने बढ़ते एआईक्यू लेवल के मद्देनजर जिलावासियों से प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का आह्वान किया।
दीपावली के मद्देनजर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुढ़पुर व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पदैयावास सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ लेते हुए आतिशबाजी व पटाखे न जलाने का संकल्प लेते हुए आमजन को प्रदूषण मुक्त, सेफ व सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया।



### दीपावली पर वायु प्रदूषण करने वालों पर सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी सख्त

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल-एनजीटी ने पटाखे फोडने से होने वाले वायु प्रदूषण पर कड़ा संज्ञान लिया है। दीपावली पर आतिशबाजी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय, एनजीटी सहित जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व प्रशासन पूरी तरह सख्त है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव एवं सरकार के निर्देशानुसार जिला में सीआरपीसी-1973 की धारा-144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की सीमा के अंदर ग्रीन पटाखों को छोड र सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री एवं उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हुए हैं। आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता, विस्फोटक अधिनियम-1884 विस्फोटक अधिनियम-2008 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

---

# रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को रोडवेज कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर काली दिवाली मनाई। कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मियों ने सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन भी किया।
रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले सुबह करीब दस बजे रेवाड़ी बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए। यहां प्रधान राजपाल यादव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया तथा मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। रोडवेज सांझा मोर्चा के छवि कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मियों का शोषण कर रही है। उन्हें पिछले नौ सालों से कोई बोनस नहीं दिया गया। कच्चे कर्मचारियों की भर्ती कर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के अर्जित अवकाश की कटौती का नया फरमान जारी किया है।
उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के प्रधान सचिव ने 1995 के नियम के तहत कर्मचारियों को साल में मिलने वाली छुट्टियों का नियम लागू किया है। जिसे कर्मचारियों पर थोंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को पहले साल में 33 छुट्टी मिल जाती थी, लेकिन अब सिर्फ 15 ही मिलेगी। इसी के विरोध में प्रदेशभर में रोडवेज कर्मचारी आज काली दिवाली मना रहे हैं।

# कबाड़ी से नकदी लूटने का आरोपी गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक सतेंद्र कुमार की टीम ने एक कबाड़ी से नकदी लूटने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव गादावास निवासी तेजपाल उर्फ कालू पुत्र बलवंत के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव अंतपुर निवासी मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कबाड़ खरीदने का काम करता है और बावल में रहता है। 7 नवंबर को जब वह फेरी लगाने के लिए गांव चान्दुवास में गया तो एक अंजान व्यक्ति ने उसको फोन करके कबाड़ बचने के लिए बुलाया। जिस पर वह कबाड़ लेने के लिए वहां गया तो वह व्यक्ति उसके साथ छीना झपटी करके 10 हजार रुपये लूटकर भाग गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में छीनाझपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा पुलिस ने एक आरोपी तेजपाल उर्फ कालू निवासी गांव गादावास जिला अलवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### गुरुग्राम से बाइक बेचने रेवाड़ी आया चोर चढ़ा हत्थे

रेवाड़ी। एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव खोजा का बास निवासी छिन्दरपाल पुत्र शेरसिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक नौजवान युवक राजस्थान का रहने वाला है। जिसके पास एक चोरी की मोटरसाईकिल है। जो बाइक बेचने कि फिराक में राजेश पायलेट चौक से राव अभय सिंह चौक की तरफ आएगा। सूचना के बाद रैडिग पार्टी तैयार करके राव अभय सिंह चौक के पास नाकाबन्दी कर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान छिन्दरपाल पुत्र शेरसिंह के रूप में हुई। आरोपी युवक से मोटरसाईकिल के कागज पेश करने बारे कहा तो वह मोटरसाईकिल के कोई कागज पेश नहीं कर सका। पुलिस द्वारा जांच करने पर पता चला की मोटरसाईकिल थाना सदर गुरुग्राम इलाके से चोरी की गई है। आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह मोटरसाईकिल उसका दोस्त सुनील कुमार उर्फ सेठी इस्लामपुर गुरुग्राम से चोरी करके लाया था। इस मोटरसाईकिल को बेचने के लिए वह रेवाड़ी आया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाउन में चोरी का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

---

**सख्ती** | एनसीआर में ग्रैप के चौथे चरण की पाबंदियों के बीच एडवाइजरी का पूर्णतः पालन करें जिलेवासी

# वायु प्रदूषण नियंत्रित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: हुड्डा

**स्प्रिंकलर सहित प्रदूषण नियंत्रण के सभी संसाधनों का इस्तेमाल करें आमजन**

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि रेवाड़ी सहित एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण के निरंतर बढ़ते स्तर से आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब स्थिति में है, जिसके मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आमजन के लिए प्रदूषण से बचाव के लिए विशेष एडवाईजरी जारी की है, जिसकी जिलावासियों को पूर्णतः पालना करनी चाहिए। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया है कि पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण से बचाव की दिशा में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे निर्णायक कदमों में आमजन भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वायु प्रदूषण नियंत्रित रखना हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है तभी हम ताजा व खुली हवा में सांस ले सकेंगे।



**सुबह और देर सायं बाहर टहलने से परहेज करें नागरिक** : डीसी राहुल हुड्डा ने वायु प्रदूषण के बचाव व निवारण के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी नागरिक सुबह और देर शाम को बाहर टहलना, दौडना और शारीरिक व्यायाम करने से परहेज करें। साथ ही सुबह और देर शाम के समय बाहरी दरवाजे और खिड़कियां बंद करके रखें। यदि आवश्यक हो तो यह कार्य दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लकड़ी, कोयला, पशुओं का गोबर, मिट्टी का तेल जैसे बायोमास जलाने से बचें। खाना पकाने और हीटिंग उद्देश्यों के लिए स्वच्छ धुआं रहित ईंधन (गैस या बिजली) का उपयोग करें। यदि बायोमास का उपयोग कर रहे हैं, तो स्वच्छ कुक स्टोव का उपयोग करें। चूंकि यह सर्दियों का मौसम है ऐसे में अंगीठी में लकड़ी का कोयला व किसी भी प्रकार की लकड़ी, पत्तियां, फसल अवशेष और अपशिष्ट को खुले में जलाने से भी परहेज करें।

### स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना जरूरी

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि चूंकि पूरे एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण काफी उच्च स्तर पर है ऐसे में बंद परिसर में मच्छर भगाने वाली क्वाइल और अगरबत्ती जलाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। वहीं अपनी आंखों को प्रदूषण से बचाने के लिए उन्हें नियमित रूप से साफ पानी से धोते रहें और गले मे सांस लेने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए गर्म पानी से नियमित गरारे करें। इस दौरान यदि आपको सांस फूलना, चक्कर आना, खांसी, सीने में तकलीफ या दर्द, आंखों में जलन (लाल या पानी आना) जैसा महसूस हो तो अपने नजदीकी डॉक्टर से सलाह लें। उन्होंने ह्रदय संबंधी बीमारियों से प्रभावित आमजन को प्रदूषण से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि वायुमंडल में बढ़ते एक्यूआई के बीच ऐसे व्यक्ति किसी भी प्रकार की अनावश्यक गतिविधियों से अपना बचाव रखें। स्वास्थ्य देखभाल पर डॉक्टर के निर्देशों का ठीक से पालन करते हुए शरीर के संकेतात्मक लक्षणों के बढने पर भी नजर रखें। साथ ही जो निर्धारित दवाइयां हैं उनकी अपने पास उपलब्धता बनाए रखें। यदि घर से बाहर निकलना जरूरी है तो फेस मास्क का इस्तेमाल करें।

### दैनिक दिनचर्या में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का करें उपयोग

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला में प्रदूषण पर रोक लगाने हेतु पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना जरूरी है। इसलिए बेहतर होगा कि हम अपनी दैनिक दिनचर्या में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देकर अपने निजी वाहनों का कम से कम इस्तेमाल करें। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने रिहायसी सर्कल जैसे नजदीकी बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाने के लिए पैदल चलें अथवा ई रिक्शा व साईकिल का उपयोग करें। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने अपने अधिकार क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना करवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में ग्रेप के विभिन्नं चरणों के तहत विभिन प्रकार की पाबंदियां भी लगाई गई है, जिसमें निर्माण कार्य की रोकथाम भी प्रमुख है। डीसी ने कहा कि सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें कि उनके अधिकार क्षेत्र में कोई भी निर्माण सामग्री खुले में ना पड़ी हो। बेहतर रहेगा कि उस पर पानी का छिडे ाव कर उसे तिरपाल से ढकवाना सुनिश्चित करें।

## खबर फटाफट

### बीके अस्पताल को 400 बैडशीट डोनेट की : लॉयन प्रदीप सिंघल




**फरीदाबाद।** समाजसेवा में अग्रणीय लांयस इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक 321-ए1 ने दीपावली के अवसर पर जिला सिविल बादशाह खान हॉस्पिटल को 400 बैडशीट डोनेट की, ताकि अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों की समय से चद्दरें बदली जा सके। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित क्लब के डिस्ट्रिक गर्वनर लॉयन प्रदीप सिंघल ने डा. सविता यादव पीएमओ का फूलों का बुक्के देकर स्वागत किया। वहीं जिला रेडक्रास के सचिव बिजेंद्र सौरोत व पुरुषोत्तम सैनी ने लॉयन प्रदीप सिंघल, लॉयन एन.के. गुप्ता व लायन आर.के. चिलाना का बुक्के भेंट करके स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यातिथि लॉयन प्रदीप सिंघल ने कहा कि आज उन्होंने अपने लॉयन साथियों के साथ मिलकर पीएमओ सविता यादव को 400 बैडशीट डोनेट की। उन्होंने कहा कि इन बैडशीट के माध्यम से अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को साफ-सुथरी बैडशीट मिलनी चाहिए, जिससे कि अस्पताल में स्वच्छता का माहौल रहे। वहीं डिस्ट्रिक गर्वनर प्रदीप सिंघल ने कार्यक्रम का बेहतर मंच संचालन करने वाले चीफ प्रोजेक्ट कार्डिनेटर लॉयन आर.के. चिलाना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सभी 12 क्लबों लांयस क्लब फरीदाबाद ओल्ड, लांयस क्लब फरीदाबाद एवरसाईन, लांयस क्लब फरीदाबाद कियान, लांयस क्लब फरीदाबाद लोटस, लांयस क्लब फरीदाबाद डायमंड, लांयस क्लब फरीदाबाद दिल्ली सफायर, लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद, लांयस क्लब फरीदाबाद ग्रेटर, लांयस क्लब फरीदाबाद लेक सिटी, लांयस क्लब फरीदाबाद हमदर्द, लायंस क्लब फरीदाबाद सिटी, लांयस क्लब फरीदाबाद यूथ को इकट्ठा करने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि लांयस क्लब जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए समर्पित भावना से कार्य कर रहा है और समय-समय पर इस प्रकार के नेक कार्यो में अपनी भागीदारी निभाता रहता है। कार्यक्रम में पीएमओ डा. सविता यादव ने कहा कि तीन माह के दौरान 11 व्हीलचेयर, 11 स्टैचर व आज 400 बैडशीट भेंट की, जिसके लिए वह सभी लॉयस का धन्यवाद किया। उपजनपद अध्यक्ष लॉयन एन.के. गुप्ता ने कहा कि हम समय-समय पर अस्पताल की यथासंभव मदद करेंगे। कार्यक्रम में लॉयन संगीता चिलाना ने डा. सविता यादव पीएमओ को लॉयन पिन लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लॉयन आरके चिलाना, लॉयन सतीश परनामी, आरके गोयल, जयदीप कत्याल, रचना कत्याल, दीपक अरोड़ा, आदि ने कार्यक्रम में बढ़चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम के उपरांत सभी लांयस मैम्बरों ने अस्पताल का भ्रमण किया। कार्यक्रम की सफलता पर अस्पताल के डाक्टरों व नर्सिंग स्टाफ व लॉयन साथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस रख रही निगरानी

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा त्योहारों की सुरक्षा को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत एसीपी सीएडब्लू मोनिका, थाना मेट्रो प्रभारी व डॉग स्काड टीम के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि दिपावली पर्व की सुरक्षा के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर में जगह जगह पर चेकिंग की जा रही है। होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन रिसोर्ट इत्यादि स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही पुलिस का खुफिया विभाग भी एक्टिव रूप से निगरानी रख रहा है। इसी के मद्देनजर आज मेट्रो स्टेशन सराय और एनएचपीसी चौक को थाना मेट्रो की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशन, मेट्रो की पार्किंग एरिया में चेकिंग की क्योंकि ऐसे समय पर अपराधिक तत्व भीड़ का फायदा उठाकर सामाजिक शांति को भंग करने की कोशिश करते हैं। पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्त की जा रही है और फरीदाबाद में कानून व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आयुक्त ने सभी जोन के डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों को लगातार फील्ड में मौजूद रहकर कानून व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसलिए फरीदाबाद पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह जगह पर तलाशी ले रही है। पुलिस चौकी और डॉग स्क्वायड की टीम ने फरीदाबाद के सभी मेट्रो स्टेशन तथा वहां आने जाने वाली लोगों को भी चेक किया। फरीदाबाद पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दिपावली पर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए चेकिंग लगातार जारी रहेगी। लोगों से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्ति एवं वस्तु के बारे में 112 पर पुलिस को सूचित करें।

# पटाखों की बिक्री, फोड़ने और उपयोग पर रोक : डीसी

**कहा, भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है**

**उल्लंघना करने पर प्रासंगिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि ग्रीन पटाखों को छोडक़र सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडऩे और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला की सीमा के भीतर आतिशबाजी में बेरियम लवण पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। क्योंकि इससे भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है। इसलिए, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव पर सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में विक्रम सिंह, (आईएएस), जिला मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 144 के आधार पर शक्तियों का प्रयोग करते हुए 1973, विस्फोटक अधिनियम, 1884 और विस्फोटक मैग नियम और जिला मजिस्ट्रेट, के रूप में अन्य सक्षम शक्तियां इसके द्वारा संयुक्त पटाखों की लारिस की श्रृंखला के पटाखे और केवल ग्रीन पटाखों को छोडक़र सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडऩे और उपयोग पर रोक लगाई गई हैं।

### ग्रीन पटाखों की छूट इस प्रकार होगी

*जिलाधीश ने कहा कि दिवाली के दिन या गुरुपर्व आदि जैसे किसी अन्य त्योहार पर, जब ऐसी आतिशबाजी आम तौर पर होती है, तो यह रात 08:00 बजे से 10:00 बजे तक होगी। क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या पर आधी रात यानी 12:00 बजे रात से सुबह 11:55 बजे तक भी ऐसी आतिशबाजी शुरू हो जाती है। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट, अमेज़ॅन आदि सहित कोई भी ई-कॉमर्स वेबसाइट किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करेगी और जिला में ऑनलाइन बिक्री को प्रभावित नहीं करेगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2021 एवं एनजीटी के आर्डर की होगी सख्ती से अनुपालन जिलाधीश ने आगे कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2021 एवं एनजीटी के आर्डर की सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।*

### उल्लंघना करने पर यह होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

*जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि इन आदेश का अनुपालन न करने/उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 की प्रासंगिक धारा के अनुसार सख्त प्रासंगिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आपकों बता दें, ट्रिब्यूनल ऑन इट्स मोशन बनाम पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और अन्य है, जिसके तहत माननीय राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल/ ह्त्रञ्ज ने कोविड/ ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 के दौरान सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। एनसीआर और देश के सभी शहरों/कस्बों में महामारी, जहां परिवेशीय वायु गुणवत्ता खराब और उससे ऊपर की श्रेणी में है, उन शहरों/कस्बों में पटाखों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां हवा की गुणवत्ता मध्यम या केवल ग्रीन पटाखों तक ही सीमित है। वहां भी 2 घंटे से अधिक की अवधि के लिए और केवल किसी निर्दिष्ट त्योहार या अनुमत अवसरों के उत्सव के लिए छूट दी गई है। इसलिए जरुरी है आदेशों की पालना। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा सर्वोच्च न्यायालय के 2019 और 2021 में जारी निर्देशों को दोहराते हुए कहा कि आतिशबाजी में नाइट्रेट होता है। जबकि, उपरोक्त उल्लिखित आदेश को अस्वीकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि इस स्तर पर बेरियम नाइट्रेट के उपयोग की अनुमति केवल इसलिए दी गई है, क्योंकि यह संकेत दिया गया है कि समग्र रूप से इसका फॉर्मूलेशन 30 प्रतिशत कम प्रदूषणकारी होगा, वास्तव में यह प्रतिगामी होगा। जनहित में ग्रीन क्रैकर्स को छोडक़र सभी प्रकार के पटाखों (सीरीज क्रैकर्स या लारिस) और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है।*

### पटाखे फोड्ने रोक कब तक रहेगी जारी

*जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडऩे और उपयोग पर यह रोक 01-11-2023 से 31-01-2024 की अवधि के लिए लगाई गई है। जिला की सीमा के भीतर पटाखों के अलावा आतिशबाजी में बेरियम लवण पर प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि इससे भारी वायु/ध्वनि प्रदूषण और ठोस अपशिष्ट की समस्या होती है।*

### क्यों जरूरी है प्रतिबंध लगाना

*जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सर्दियों के दौरान, विशेष रूप से अक्टूबर से जनवरी के महीनों में बढ़ता प्रदूषण, एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता का विषय है, विशेष रूप से पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे पार्टिकुलेट मैटर्स (पीएम) के उच्च स्तर के संबंध में, जो राष्ट्रीय परिवेश वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) मानकों से अधिक है। वहीं, वायु प्रदूषण से संबंधित कई विशेषज्ञों की टिप्पणियां और अन्य रिपोर्ट आई हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इस समय अवधि के दौरान, हरियाणा राज्य में वायु प्रदूषण अपने चरम पर है।यह भी देखा गया है कि सर्दियों के महीनों के दौरान होने वाली विभिन्न घटनाओं से हरियाणा राज्य में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जबकि, यह एक अच्छी तरह से स्थापित वैज्ञानिक तथ्य है कि उच्च वायु प्रदूषण गंभीर पर्यावरणीय जोखिम पैदा करता है और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। विशेष रूप से आबादी के कमजोर वर्गों जैसे बच्चों, बुजुर्गों और पहले से ही श्वसन संबंधी बीमारियों वाले लोगों को ज्यादा प्रभावित करती है। वहीं हृदय रोग आदि भी इसमें शामिल हैं।*

### इन अधिकारियो को दिए दिशा निर्देश

*जिलाधीश विक्रम सिंह ने इसके अलावा, क्षेत्रीय अधिकारी, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फरीदाबाद/बल्लबगढ़ को निर्देश दिए है कि वे नियमित रूप से हवा की गुणवत्ता की निगरानी करें और माननीय शीर्ष न्यायालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों के अनुसार संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें। सभी विभागों/बोर्डो/निगमों/व्यक्तियों को इसके लिए पूर्ण सहयोग बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वहीं पुलिस आयुक्त विभाग, आयुक्त नगर निगम, फरीदाबाद के सभी उपमंडल मजिस्ट्रेट, सभी तहसीलदार/नायब तहसीलदार/बीडीपीओ, डीएसपी, ई.ओ./सचिव, सभी पुलिस स्टेशनों के एस.एच.ओ., अग्निशमन अधिकारी और अन्य अग्निशमन कार्यालय कर्मचारी इस आदेश को तुरंत लागू करेंगे। इन सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे इस आदेश को लागू करने के लिए छापेमारी करें और दैनिक आधार पर इसकी रिपोर्ट जिलाधीश के कार्यालय में जमा करें।*

वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा शासनकाल पर दागे नौ सवाल

# नौ साल बेमिसाल नहीं नौ सालों में विकास पटरी से उतरा : कांग्रेस

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। भाजपा सरकार के नौ साल बेमियाल के नारे को लेकर आज कांग्रेस नेताओं ने जोरदार वार करते हुए भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर असफल करार दिया। उन्होंने भाजपा सरकार के शासन को बेहाल फरीदाबाद का नारा दिया। एनआईटी से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा, बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक शारदा राठौर, पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला, बडखल क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता तरुण तेवतिया, युवा जिलाध्यक्ष शहरी नितिन सिंगला, आदि वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने गुरुवार को मैगपाई पर्यटन केंद्र में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में संयुक्त रूप से भाजपा को झूठ व जुमलों की पार्टी करार दिया। उन्होंनें कहा कि जनता से विश्वासघात कर सत्ता में आई भाजपा आज फिर से जनता के समक्ष भाजपा के नौ साल बेमिसाल का नारा देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, जबकि इन नौ सालों में फरीदाबाद विकास की पटरी से पूरी तरह से उतर गया वहीं नगर निगम में हुआ 200 करोड़ के घोटाले की गूंज समूचे देश में सुनाई दे रही है, जिससे फरीदाबाद की छवि पूरे विश्वस्तर पर खराब हुई है। उन्होंने पत्रकारों के समक्ष भाजपा सरकार पर नौ सवाल दागते हुए पूछा कि आज मंझावली पुल, मेट्रो रेल, आईएमटी, स्मार्ट सिटी, बढ़ता ट्रैफिक जाम और लचर कानून व्यवस्था, कमर्शियल एरिया बनाने के नाम पर धोखा, कूड़े के ढेर में तब्दील शहर, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध व बिजली-पानी-सीवर व सडक़ों की बदहाल स्थिति भाजपा सरकार की कहानी कह रही है। उन्होंने कहा कि 2014 तक देश में नंबर वन स्थान पर रहने वाला हरियाणा आज फिसड्डी साबित हो रहा है वहीं बढ़ते प्रदूषण ने फरीदाबाद वासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की अधिकतर कालोनियों में जहां पानी की किल्लत है, या तो पानी यहां आता ही नहीं और आता भी है तो यहां लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है। कांग्रेस सरकार में 483 करोड़ की लागत से रेनीवेल परियोजना शुरू की गई थी, जिससे पानी के 48 बड़े बूस्टर लगवाए गए लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में अधिकतर ट्यूबवैल खराब पड़े है वहीं सीवर व्यवस्था का बुरा हाल है। मैंटेनेस के नाम पर करोड़ों के ठेके दिए जाते है लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा। कांग्रेसी नेताओं ने मंझावली पुल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सोशल मीडिया पर अपनी तारीफ करते नहीं थकते, जबकि अगस्त, 2014 में 18 महीने में मंझावली पुल को बनाने का किया गया वायदा आज भी अधूरा है। वहीं फरीदाबाद से गुडग़ांव मेट्रो रेल परियोजना की डीपीआर 3 साल में भी नहीं बन सकी है वहीं अब लोगों के समक्ष बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो चलाने का जुमला फेंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब फरीदाबाद से गुडग़ांव के लिए तीन साल में एक पिलर भी खड़ा नहीं कर पाए तो यह पलवल तक मेट्रो कैसे चलाएंगे? कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त रूप से ऐलान किया कि बल्लभगढ़ तक मेट्रो भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में चलाई गई थी और अब कांग्रेस शासन आने पर सबसे पहले पलवल तक मेट्रो भी चलाई जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले नौ सालों में फरीदाबाद के आईएमटी में एक भी मदर यूनिट नहीं आई है, हैरानी की बात है कि इनके पूर्व के पांच साल के शासनकाल में हरियाणा का उद्योग मंत्री भी फरीदाबाद से विधायक था। हरियाणा सरकार को बड़ा रेवेन्यू देने वाला फरीदाबाद आज अनेकों समस्याओं से जूझ रहा है। कांग्रेस सरकार ने आईएमटी चंदावली के लिए पृथला विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों की अधिगृहित जमीन का मनचाहा मुआवजा मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से किसानों की मुलाकात करवाकर दिलवाया गया, जबकि आज भाजपा शासन में किसानों की स्थिति सबसे दयनीय है न तो एमएसपी मिल पा रहा है और न ही कोई अन्य लाभ जिससे किसान उन्नत हो सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मोहना में जेवर एयरपोर्ट के लिए जाने वाले हाईवे पर कट बनाए जाने की घोषणा के बावजूद आज क्षेत्र के किसान मोहना कट देने के लिए धरने पर बैठे है वहीं क्षेत्र के युवाओं को आईएमटी व पृथला क्षेत्र में स्थापित उद्योगों में रोजगार ही नहीं मिल रहा है, जबकि सरकार हरियाणा के 75 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने किसानों की आमदनी दुगुनी करने का वायदा कर किसानों को गुमराह करने का कार्य किया, जबकि आज किसान भुखमरी के कगार पर है। वहीं किसान आंदोलन में देश के 800 के लगभग शहीद हुए किसानों की शहादत पर भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ने एक शब्द भी नहीं बोला है। सरकार किसानों के नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है, यहां के रजवाहों में न पानी है न किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद ही मिल रही है। वहीं स्मार्ट सिटी के मुद्दे पर भी कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर व्यंगय कसे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद कहकर लोगों को गुमराह कर रहे भाजपाईयों की असलियत अब सामने आ गई है क्योंकि फरीदाबाद में मात्र तीन किलोमीटर का एरिया ही स्मार्ट सिटी में शामिल किया गया है, जिसकी हालत भी दयनीय है।

# शुगर मिल का पिराई सत्र लेट होने से किसानों को हो रहा नुकसान

भगत सिंह , भरोसा मित्र

**16 नवम्बर से मिल शुरू ना होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा**

पलवल। संयुक्त किसान मोर्चा पलवल के तत्वाधान में शुगर मिल पलवल को चालू करने के लिए मिल के प्रांगण में सैकड़ो किसानों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान द्वारा संचालित धरने की अध्यक्षता कुवर बोहरे दीघोट ने की। किसान मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान व किसान सभा के जिला प्रधान धर्मचंद ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान मोर्चा के नेताओं ने अक्टूबर के अंदर शुगर मिल की प्रबंध निदेशक शशि वसुंधरा से मिल को चलाने की मांग की जिस पर प्रबंध निदेशक ने नवंबर के पहले सप्ताह में मिल चलाने का आश्वासन दिया था परंतु मिल आज तक चालू नहीं हुई।, समय पर मिल न चलने के कारण गत वर्ष भी क्षेत्र के किसानों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ था। अबकी बार भी आश्वासन के बावजूद मिल को समय पर नहीं चलाया गया जिस कारण किसानों में भारी रोष है । किसान मोर्चा के नेता सोहनपाल चौहान और उदय सिंह सरपंच व राज कुमार ओलिहान ने अपने संबोधन में कहा की मिल के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण 500 करोड़ से अधिक का शुगर मिल पलवल पर कर्ज हो चुका है। इस भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा गन्ने का भाव□450 प्रति क्विंटल किया जाए।किसानों के आंदोलन को देखते हुए शुगर मिल की की एम डी के आदेश पर मिल के चीफ इंजीनियर ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को आश्वासन दिया कि 15 नवंबर को मिल हर हाल में चालू कर दी जाएगी। जिस पर किसान मोर्चा ने निर्णय लिया कि अगर 15 नवंबर को मिल चालू नहीं हुई तो 16 नवंबर को मिल के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।किसान मोर्चा के नेता ताराचंद रूप राम तेवतिया ने मांग की कि अगर शुगर मिल के निदेशक मंडल का चुनाव तुरंत संपन्न कराया जाए और सामान्य आम सभा की बैठक कराई जाए। किसान नेताओं ने कहा कि मिल प्रशासन ने धरने को कमजोर करने के लिए 8 तारीख को ही 15 तारीख के लिए परची निकलना शुरू कर दी तथा किसानों को बटवा दी गई ताकि लोग धरने में ना पहुंच पाए लेकिन उसके बाद भी किसानों की संख्या में कोई कभी नहीं आई और जोश देखने लायक था। प्रदनकारी किसानों को किसान नेता मास्टर श्रीपाल,वीर सिंह दीघौट ,गिर्राज मेंबर लड़िया का, मनोज रैदासका,दीनदयाल विजेंदर सरपंच, सुभाष कोंडल, अतरमेंबर छनगा मेंबर मांगेराम मेंबर गहलब,समाराम ककराली ,बादाम ची रवाड़ी, जोगिंदर पहरा, दिनेश,बृजपाल अलावलपुर।राम सिंह,देशराज मितरोल पदम सिंह घुघेरा, रामवीर समय सिंह हरि, लाला डायरेक्टर, जितेंद्र, मेवाराम रंजीत सरपंच, श्री चंद महाशय औरंगाबाद ने सम्बोधित किया।

## इकराम खान ने थामा बसपा का दामन

**फरीदाबाद।** हरियाणा जनहित पार्टी के पूर्व महासचिव एवं फिलहाल में भाजपा के नेता इकराम खान ने आज अपने समर्थकों के साथ बसपा का दामन थाम लिया। हरियाणा बसपा के प्रदेश सचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ के नेतृत्व में इकराम खान ने पार्टी हरियाणा के प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल, प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह सोरखी, पार्टी प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी, जिला अध्यक्ष सरदार उपकार सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता किशन ठाकुर के समक्ष इकराम खान ने बसपा का दामन थामा।
इकराम खान ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की आपसी भाईचारे को खत्म करने की कोशिश और दमनकारियों नीतियों के चलते उन्होंने बसपा का दामन थामा । उन्होंने कहा कि बसपा ही एक एसी पार्टी है जिसमें सर्वजन हिताए सर्वजन सुखाए की नीति अपना कर उत्तरप्रदेश को प्रगति के पद पर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अग्रसर किया।
उन्होंने कहा कि वह पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और बसपा को मजबूत करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगे।
मालूम हो कि एनआईटी विधानसभा में पिछले काफी समय इकराम खान लोगों की सेवा में जुटे हुए हैं । लोगों ने भी आहवान किया वह बसपा का दामन थामे एनआईटी विधानसभा में बसपा को एक मजबूत किले के रूप में खड़ा करें।



**नियुक्ति**

बसपा कार्यकर्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा बसपा सुप्रीमो ने दिपावली का तोहफा दिया

# भाजपा डूबता हुआ जहाज, प्रदेश में कानून व्यवस्था नहीं : सुरेंद्र वशिष्ठ

### बसपा के विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र वशिष्ठ होंगे पृथला विधानसभा सीट से प्रत्याशी

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र



पलवल। पांच राज्यों में चल रहे चुनावो को ध्यान में रख कर बसपा ने हरियाणा में अपनी ताकत झोंक दी है। पृथला विधानसभा सीट से प्रदेश सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ को बसपा सुप्रिमों मायावती ने वशिष्ठ के पिछले पांच वर्षो से पार्टी की मजबूती के किए गए कार्यो से खुश होकर विधानसभा प्रभारी भी नियुक्त किया है। वही केन्द्रीय प्रभारी रनघीर बैनीवाल ने कहा विधानसभा सभा प्रभारी ही विधानसभा प्रत्याशी होंगे। जिस पर बसपा कार्यकर्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बसपा ने सुरेंद्र वशिष्ठ को दिवाली का तोहफा दिया है । वही भाजपा छोड़ एनआईटी से इकराम खान भी बसपा में शामिल हों गए। गांव बघौला में सुरेंद्र वशिष्ठ के निवास एवं कार्यलय पर आयोजित दिवाली मिलन समारोह के दौरान केंद्रीय प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल ने दिवाली के तोहफा के रूप में यह घोषणा की। इसके साथ ही तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। समारोह स्थल पर पटाखे जलाकर खुशी का इजहार किया। बैनीवाल ने कहा कि सुरेंद्र वशिष्ठ को पार्टी के प्रति निष्ठा और रिकॉर्ड देखते हुए दोवारा से पृथला विधान सभासभा का प्रतयाशी घोषित किया है। इन्होंने बसपा को मजबूत करने का काम किया है। इसी से खुश होकर सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी इन्हें सौंपी गई है। उन्हें पूरी आशा व विश्वास है कि इस विधान सभा से पार्टी की जीत झोली में डालने का काम करेंगे।
इस मौके पर उन्होंने भाजपा से इकराम खान को बसपा में शामिल करते हुए उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बसपा पार्टी का ग्राफ निरंतर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा डूबता जहाज है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। अलग अलग मुद्दे छाए हुए है। महिला अपराध चरम पर है। किसान मांगों को लेकर आंदोलन रत हैं। बेरोजगारी चरम पर है। रोजगार नहीं मिल रहा है। ऐसे में अब प्रदेश की जनता बसपा की सरकार बनाना चाहती है। इस मौके पर बसपा केंद्रीय प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल, प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह सोरखी, पार्टी प्रदेश महासचिव मनोज चौधरी, जिला अध्यक्ष सरदार उपकार सिंह, विधान सभा उपाध्यक्ष इंद्र सैन भरद्वाज, किशन ठाकुर समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। पृथला से पार्टी प्रत्यशी बनाये जाने से गदगद सुरेंद्र वशिष्ठ ने बसपा सुप्रीमो व तमाम अधिकारी व कार्यकर्ताओ का आभार जताते हुए कहा कि उन्हे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे इलाके की जनता के सहयोग से बखूबी निभायेंगे। उन्होंने इलाके के लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि उन्हें इलाके के लोगों का जो प्यार मिल रहा है, उसी की बदोलत आज बसपा सुप्रीमो मायावती ने इलाके की जनता को यह दिवाली का तोहफा दिया है। बघोला में गत दिनों पार्टी की बैठक में उमड़ी भीड़ के बाद बसपा के बढ़ते ग्राफ को देख विभिन्न पार्टियों के नेताओं का रुझान अब पार्टी की ओर बढ़ने लगा है। इस कड़ी में भाजपा में रहे किशन ठाकुर ने पहले ही बसपा का दामन थाम चुके हैं। इसके बाद आज एनआईटी से इकराम खान ने बसपा का दामन थामा। इस मौके पर ब्रहामं समाज से तृलोक चंद मोहना,राष्टीय अध्यक्ष सुरेंद्र बबली सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 18 महीने में बनने वाला मंझावली पुल 9 साल में भी न बना : विजय प्रताप

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके विजय प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार की 9 वर्ष की नाकामी उजागर की। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन के चलते एनसीआर में फरीदाबाद सबसे निचले पायदान पर आ चुका है। पूरे शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसमें गौवंश अपना आहार खोजने को मजबूर है। फरीदाबाद नगर निगम कूड़े की रिसाइक्लिंग करने में नाकाम रहा है। जिसके कारण बंधवाड़ी में कचरे का पहाड खड़ हो गया। जिसमें से निकलने वाला अपशिष्ट सीधा जमीन में जा रहा है। जिससे न केवल बंधवाड़ी बल्कि आस-पास के 25 गांव को प्रभावित कर रहा है। इन गांवों में कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं। जगह-जगह जलते कूड़े से प्रदूषण बढ़ रहा है। जिसके कारण फरीदाबाद आज गैस चैम्बर बन चुका है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में प्रदूषण के चलते लोग अब यहां आना नहीं चाहते। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में एनसीआर में फरीदाबाद लोगों की पहली पहली पसंद हुआ करता था। परन्तु सरकार की नाकामी से फरीदाबाद आज सबसे निचले पायदान पर खड़ा है। भाजपा सरकार के बनने के समय 2014 में मंझावली पुल का शिलान्यास किया गया था। दावा किया गया की पुल को 18 महीने में पूरा कर दिया जाएगा। लेकिन 10 साल होने को हैं और मंझावली पुल अब तक नहीं बन सका है। इसी तरह खेड़ी पुल से मंझावली जाने वाली सडक़ की हालत बहुत ज्यादा खराब है, लोगों को बहुत परेशानी होती है। लेकिन ध्यान देने देखने वाला कोई नहीं है। फरीदाबाद की बेहतर कनेक्टिविटी के दावे तो बहुत किए जाते हैं। लेकिन अब फरीदाबाद को सबसे निचले स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया गया है।

## खबर फटाफट

### निजी स्कूल के 13 शिक्षकों को मिली राहत

**पानीपत :** समालखा कस्बे में स्थित छछ्रू सिटी स्कूल से कोरोना काल में निकाले गए 16 टीचर्स में से 13 अध्यापकों के पक्ष में कोर्ट ने आदेश जारी किए हैं। पानीपत सेशन जज सुदेश कुमार शर्मा की कोर्ट ने स्कूल को कड़े निर्देश दिए हैं। एडवोकेट कर्ण सिंह पानू, रमेश गुप्ता और दीप वधावन ने बताया कि कोर्ट ने अध्यापकों का टर्मिनेशन कैंसिल करते हुए उन्हें दोबारा जॉइन करवाने के लिए आदेश दिए हैं। साथ ही अध्यापकों की रुकी सैलरी देने समेत ट्रमिनेशन के दौरान का भी वेतन देने को कहा है। इसके अलावा इनका छ्ळ्ल भी देने को कहा गया है। कोर्ट ने अपने आदेशों में साफ तौर पर लिखा है कि अध्यापकों को वे सभी हक दिए जाए, जो भी दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने स्कूल को जल्द से जल्द इन आदेशों को पूरा करने को कहा है। 30 जुलाई 2021 को समालखा सिटी के छछ्रू स्कूल प्रबंधन ने अचानक 16 अध्यापकों को टर्मिनेट कर दिया था। इनमें 12 टीचरों को उनकी पर्सनल ई-मेल आईडी पर टर्मिनेशन लेटर भेज दिया था। इसके अलावा 4 टीचरों को मौखिक तौर पर निकाला गया था।

### छात्र को अपशब्द बोलने पर महिला लेक्चरर पर केस दर्ज

**हिसार :** गुरु जंभेश्वर युनिवर्सिटी की एक महिला लेक्चरर पर आरोप है कि लेक्चरर ने भरी कक्षा में के लिए अपशब्द का इस्तेमाल करके उसे अपमानित किया। छात्र की शिकायत पुलिस ने महिला लेक्चरर के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूना जिला फतेहाबाद निवासी रितेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हिसार के लछ्ठ में बेचलर आफ फिजियोथेरेपी द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसने आरोप लगाया कि कक्षा में उसकी मैडम उसे नीच तथा कमीना कहती है। उसके साथ जातीय भेदभाव करती है, जिससे वह अत्यंत परेशान है। कई बार उनसे विनती की कि मुझे आप नीच कमीन मत कहा करो, मगर मैडम नही मानती। बार-बार इस शब्द का प्रयोग करती रहती है। जिससे वह बहुत आहत है। बताया गया कि मामले की जांच रिपोर्ट अब डीएसपी सत्यपाल यादव के पास भेजी गई है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने नीतीश कुमार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़:** सारंगपुर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की तरफ से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुमार खिलाफ प्रदर्शन किया है। इस दौरान उनका पुतला भी फूंका गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से उनके इस्तीफे की मांग की है। यह प्रदर्शन बिहार की विधानसभा में नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई टिप्पणी करने परकिया गया है।प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रधान सुनीता धवन ने कहा कि महिलाओं के लिए जिस प्रकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शब्दों का इस्तेमाल किया है, उससे लगता है कि वह भारत के नागरिक नहीं है। क्योंकि कोई भी भारत का नागरिक महिलाओं के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकता है। जो टिप्पणी उन्होंने की है, वह बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। इसके लिए उन्हें देश कभी भी माफ नहीं करेगा।

### सिरसा के बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सिरसा :** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा ने गुरुवार सुबह सरकार द्वारा अर्जित अवकाश में कटौती करने के विरोध में बस स्टैंड में जोरदार प्रदर्शन किया। साझा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि अर्जित अवकाश में दूसरी बार कटौती करना निंदनीय है। पहली बार की गई कटौती के विरोध में रोडवेज कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री से मिला था। मंत्री ने अर्जित अवकाश में कटौती पर रोक लगाने को लेकर सहमति दी थी। इसके अतिरिक्त ग्रेड पे बढ़ाने, वर्कशॉप में स्थाई भर्ती करने, मैन्युअल ट्रांसफर खोलने, रिस्क अलाउंस देने को लेकर भी सहमति बनी थी। अब 18 अक्टूबर को जारी हुए पत्र में अर्जित अवकाश में कटौती नहीं करने के फैसले को ही रद्द कर दिया गया है। इससे कर्मचारी वर्ग में रोष है। उन्होंने अर्जित अवकाश में कटौती के फसल को वापस नहीं लेने पर 26 नवंबर को सीएम आवास का घेराव करने का निर्णय लिया।

### भागने के प्रयास में पकड़ा गया दुकानदार, अवैध पटाखे बरामद

**जींद:** सफीदों में पुलिस ने दुकानदार के पास से 26.5 किलो पटाखे बरामद किए हैं। उसके खिलाफ एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बताया गया कि शहर थाना पुलिस सफीदों में खानसर मोड़ के पास मौजूद थी, तभी उसे सूचना मिली कि प्रमोद नामक दुकानदार अवैध रूप से बम पटाखे बेचता है। पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार की और गोशाला रोड पहुंचे। यहां पुलिस ने एक युवक को दिखाई दिया, जो अपने हाथ में सफेद कट्टा लिए हुए था।वह पुलिस को देखते ही वहां से भागने की कोशिश करने लगा, पर पुलिस ने काबू कर लिया और उससे पूछताछ की। युवक की पहचान प्रमोद कुमारके रूप में हुई। उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से करीब 26.5 किलोग्राम बम और पटाखे मिले।

### मकान की छत गिरी,बच्चे की मौत

**करनाल :** श्यामगढ़ गांव में एक मकान के कमरे की कच्ची छत गिरने से मां और उसके तीन बच्चे मलबे के नीचे दब गए। इस हादसे में पांच साल के इकलौते मासूम की मौत हो गई जबकि जबकि अन्य दो बड़ी बहनें व मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इनका इलाज करनाल के अस्पताल में चल रहा है। बताया गया कि रात को महिला कमलेश अपने बेटे रितिक, बड़ी बेटी मनीषा व छोटी बेटी राशि के साथ कमरे में सो रही थी। आज सुबह करीब 6 बजे अचानक कमरे में लगा छत का गाटर टूट गया और पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया।

### गला काट कर महिला की हत्या

**हिसार :** जिले के एक गांव में महिला की गला काट कर हत्या कर दी गई। उसका जेठ भी फंदे पर लटका मिला है। पुलिस अनुसार फंदे पर लटके व्यक्ति ने पहले महिला की हत्या की और फिर आत्महत्या कर ली। एसपी मोहित हांडा और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। यह मकान गांव भैरी अकबरपुर गांव का दौलत राम का है। वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ रहता है। बुधवार रात को पूरा परिवार ठीक ठाक सोया था। रात तो उसकी मुनेश के शरीर पर तेजधार गंडासी से कई वार करके हत्या कर दी गई। उसका शव सुबह खून से सनी हालत में देख कर दौलतराम के होश उड़ गए।उसने शोर मचाया ,इस बीच पता चला दूसरे मकान में महिला के जेठ जयसिंह भी फंदे पर लटक रहा है।

# कौन आता है देर रात दुखेड़ी गांव में,लोगों की नींद और चैन छिना

**पहले दीया जलाकर पूजा करता है और फिर घरों में घुस सो रही महिलाओं पर करता है वार**

भरोसा मित्र

**अंबाला।** जिले के दुखेड़ी गांव में एक रहस्यमयी व्यक्ति ने लोगों की नींद और चैन छीन लिया है। इस व्यक्ति से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। यहां देर रात को एक व्यक्ति पहले दीया जलाकर पूजा करता है और फिर घरों में घुस सो रही महिलाओं पर वार करके गायब हो जाता है। यह वारदात में भी कैद हो चुकी है। इसके बावजूद उस व्यक्ति के बारे ठोस जानकारी नहीं मिल पा रही है। हालांकि गांव वाले पहरा दे रहे हैं और पुलिस भी गांव में पहुंच चुकी है। इसके बार रहस्य की यह पहेली सुलझ नहीं पा रही है।

सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि आधी रात को व्यक्ति सफेद धोती-कुर्ता पहने सिर पर लोहे के जाल का हेलमेट लगा नंगे पांव गांव में घुसता है। पहले मंदिर और खेड़ा में दीया जला पूजा करता है और फिर लोगों के घरों में घुसता है।

**पहरे के बावजूद पकड़ में नहीं आया**

ग्रामीण रविंद्र राणा ने कहा कि कई दिन से लगातार वारदात होने के बाद गांव में पहरा लगा रहे हैं। कई बार संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन अचानक ऐसे गायब होता है कि कहीं कोई सुराग नहीं लगा रहा। संदिग्ध व्यक्ति को यह भी मालुम है कि किस घर में घुसना है और कहां से निकलना है।

इस रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में सरपंच राजकरण सिंह ने बताया कि 26 अक्टूबर रात 2.42 पर वह गांव में घुसा। पहले निर्मल, माम राज और मेहर चंद के मकान



में घुसा। मेहर चंद के घर 15 मिनट तक अंदर रहा। लाइट बंद करके संदिग्ध व्यक्ति महिला की खाट पर बैठ गया। परिवार के उठने पर संदिग्ध फरार हो गया।

गांव में बढ़ रही दहशत को देखते हुए उसके बाद भी 28 अक्टूबर को गांव में दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को भी सूचित कर दिया है। पुलिस भी गश्त कर रही है और ग्रामीण भी ठीकरी पहरा लगा रहे हैं। ग्रामीण तभी से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने में जुटे हैं, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

**पहले जलाए दीया, फिर करता महिलाओं पर वार**

गांव के निवासी जगदीश सिंह ने बताया कि रात के अंधेरे में एक व्यक्ति सफेद कुर्ता और लुंगी में गांव में आता है और वहां स्थित मंदिर और खेड़ा पर दीया जलाकर गांव के घरों में सो रही महिलाओं पर वार करता है। उसने घर के पास बने श्मशान घाट में उस व्यक्ति को घुसते देखा और ग्रामीणों ने उसका पीछा किया, लेकिन संदिग्ध व्यक्ति कहां गायब हुआ पता नहीं चला।

**क्या कहना है पुलिस का**

हालांकि पुलिस गांव में गश्त कर रही है, लेकिन उसका कहना है जब तक वह व्यक्ति पकड़ में नहीं आ जाता तब उसके बारे में पक्के तौर पर कुछ कहा नहीं जा सकता है।इस मामले में गांव के लोग सहयोग कर रहे हैं। उसने उम्मीद जताई कि एक दिन उसे पकड़ लिया जाएगा।पूछताछ के बाद ही इस मामले से पर्दा पाएगा।

# गठबंधन सरकार की उलटी गिनती शुरू,ये कुछ दिन की मेहमान : दीपेन्द्र हुड्डा

**हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सभी को दीपावली समेत आगामी त्योहारों की बधाई दी**

भरोसा मित्र

सोनीपत। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा कल देर शाम कांग्रेस विधायक सुरेन्द्र पंवार द्वारा आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन में पहुंचे। दोनों नेताओं ने सभी को दीपावली समेत आगामी त्योहारों की बधाई दी और अधिवक्ता सम्मलेन में अपने विचार साझा किए। अधिवक्ता सम्मलेन में मुख्य अतिथि हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने अधिवक्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की अपील की।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार में हरियाणा की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। इस सरकार ने प्रदेश को बेरोजगारी के गर्त में धकेल दिया कोई नशे की तरफ, कोई अपराध की तरफ तो कोई अपना घर-बार बेचकर विदेश की तरफ जाने को मजबूर है। महंगाई आसमान छू रही है लोगों के घर का बजट बिगड़ गया है। सबसे ज्यादा वैट, सबसे महंगी बिजली और सबसे कम राहत हरियाणा में है। इस सरकार में अहंकार



सातवें आसमान पर है। किसान, मजदूर, युवा, कर्मचारी, आंगनवाड़ी आशा वर्कर, सरपंच और खिलाड़ी न्याय मांगे तो लाठीचार्ज किया जाता है। मुख्यमंत्री जहां जाते हैं खुले आम जनता का अपमान करते हैं। भाजपा-जजपा ने हरियाणा को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया है। इस सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। यह कुछ दिन की मेहमान है।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अधिवक्ता समाज का अभिन्न अंग है, और समाज के पीड़ित वर्ग को न्याय दिलवाने में कभी भी पीछे नहीं हटे। कानूनी बिरादरी से राजनीतिक क्षेत्र में भी आये लोगों ने हमेशा देश को दिशा दी। दीपेन्द्र हुड्डा ने इस कड़ी में महात्मा गांधी से लेकर बाबा साहब अंबेडकर तक, मौलाना आजाद से लेकर जवाहरलाल नेहरु तक और सरदार पटेल से लेकर आज तक राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों और उनके योगदान का उल्लेख किया।

**कैसा हो म्हारा हरियाणा**

उन्होंने संकल्प दिलाया कि हरियाणा ऐसा प्रदेश न हो जहां सबसे ज्यादा बेरोजगारी हो बल्कि ऐसा प्रदेश हो जहां सबसे ज्यादा रोजगार का सृजन हो। हरियाणा ऐसा प्रदेश न हो जहां किसान पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो बल्कि ऐसा प्रदेश हो जहां देश में किसान का सबसे ज्यादा मान-सम्मान हो। हरियाणा ऐसा प्रदेश न हो जहां गरीब को सबसे ज्यादा महंगाई का सामना करना पड़े बल्कि ऐसा प्रदेश हो जहां गरीब कल्याण के लिये सबसे ज्यादा फैसले लिये जाएं। हरियाणा ऐसा प्रदेश न हो जहां हमारे खिलाड़ियों का सबसे ज्यादा अपमान हो बल्कि ऐसा प्रदेश हो जहां देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ाने का काम हो।

# चयन आयोग नौ ग्रुपों की परीक्षा के लिए हाईकोर्ट की मांगेगा अनुमति

**कोर्ट सीईटी स्कोर संशोधित जारी करने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का फैसला सुना चुकी है**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप सी के 32000 पदों में से 9 ग्रुपों के 11990 पदों के लिए लिखित परीक्षा लेने की तैयारी कर ली है। आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि आयोग की तरफ से पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में अपील दायर कर इन ग्रुपों के पेपर करवाने की अनुमति मांगी जाएगी।

दरअसल इन ग्रुपों में 4 गुना से कम उम्मीदवार हैं, इसलिए सामाजिक आर्थिक मानदंड के अंक मिलने के बावजूद उन उम्मीदवारों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जिन्हें यह अंक नहीं मिलने हैं। हाई कोर्ट की सिंगल बैच की तरफ से ग्रुप सी के सीईटी स्कोर को रद्द करने सामाजिक आर्थिक मानदंड के अंक देने से पहले वैरिफिकेशन करने के बाद सीईटी स्कोर संशोधित जारी करने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का फैसला सुनाया हुआ है। हाईकोर्ट के सिंगल बैच के फैसले के खिलाफ आयोग ने डबल बैंच में अपील दायर की हुई है, जिसमें ग्रुप 56 और 57 के पहले से तय पेपर लेने की अनुमति देने की मांग की गई थी, डबल बेंच ने यह अनुमति दे दी थी, लेकिन अन्य बचे हुए ग्रुपों के पेपर लेने की अनुमति आयोग ने हाईकोर्ट से नहीं मांगी थी। बता दें कि पिछली सुनवाई पर एडवोकेट जनरल बलदेव राज महाजन ने खंडपीठ से बचे हुए ग्रुपों के पेपर करने की अनुमति देने का आग्रह किया था लेकिन तब तक आयोग की तरफ से छंटनी का काम नहीं किया हुआ था। अब आयोग ने इन ग्रुपों को छांट लिया है, जिनमें सीईटी अधिसूचना के मुताबिक कुल पदों की संख्या का चार गुना उम्मीदवार बुलाने के प्रावधान अनुसार चार गुना से कम उम्मीदवार हैं।

**किसमें मांगेंगे स्किल टेस्ट की मंजूरी**



आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने बताया कि तीन ग्रुप ऐसे हैं जिनकी लिखित परीक्षा से पहले स्किल टेस्ट जरूरी है, इनमें स्टेनोग्राफर दोनों भाषाओं, स्टेनोग्राफर इंग्लिश और स्टेनोग्राफर हिंदी के पद शामिल हैं, इसलिए आयोग की तरफ से हाई कोर्ट में अपील दायर कर कहा जाएगा कि इन तीनों ग्रुपों के सभी उम्मीदवारों का स्किल टेस्ट लेने की अनुमति दी जाए।उन्होंने इसका कारण बताया कि लिखित परीक्षा के लिए जो चार गुना उम्मीदवार बुलाने की शर्त है उसे स्किल टेस्ट पास उम्मीदवारों में पूरा किया जाए।

# खट्टर सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के नौकरियां देने का बनाया रिकार्ड : बंटी

प्रेम शर्मा,भरोसा मित्र

**बहादुरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने लाइनपार के वार्ड 5 में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान हरियाणा की बीजेपी सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा वार्डवासियों को दिया।

जनसंपर्क अभियान के उन्होंने बताया कि हरियाणा की बीजेपी सरकार ने बिना पर्चा और बिना खर्ची के सरकारी नौकरियां देने का नया और एतिहासिक रिकार्ड बनाया है। वार्ड 5 में डोर टू डोर पहुंचे प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी का वार्ड वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा बुजुर्गो ने हलके की सेवा करने का



आशीर्वाद दिया। बंटी ने वार्डवासियों से संवाद करते हुए बताया कि प्रदेश में जिस किसी भी पार्टी की सरकार में नौकरी दी गई उनमें जमकर भ्रष्टाचार हुआ और किसी नेता की पर्ची के बिना किसी को नौकरी नहीं मिली मगर हरियाणा की बीजेपी सरकार की यह यह बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की डबल इंजन की बीजेपी सरकार अंत्योदय के भाव से कार्य कर रही है। जी . 20 बैठक की मेजबानी करके भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माणए तीन तलाक खत्म किए।

# ओमप्रकाश धनखड़ के कार्यकाल को बताया नंबर वन

प्रेम शर्मा, भरोसा मित्र

**बहादुरगढ़ :** भाजपा के पूर्व विधायक नरेश कौशिक और युवा नेता हिमांशु कौशिक ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का जोरदार अभिनंदन किया और उनके पार्टी संगठन को मजबूत करने व आमजन की भलाई के लिए निरंतर कार्य करते रहने की खूब सराहना भी की। झज्जर में राष्ट्रीय सचिव धनखड़ के अभिनंदन समारोह में जाते हुए बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व विधायक नरेश कौशिक हिमांशु कौशिक ने कहा कि हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पद पर रहते हुए पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने पार्टी संगठन को मजबूत आधार देने का कार्य किया। हरियाणा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हुए पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरा मान स मान दिया है। उन्होंने मोदी व मनोहर सरकार को सराहा।

# राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने जीते रिकॉर्ड मेडल

**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी**

भरोसा मित्र

**पणजी/ चंडीगढ़।** गोवा में आयोजित 37 वे राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने रिकॉर्ड 193 मेडल जीतते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। खेलों में हरियाणा के युवा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी खिलाड़ियों, कोचों व तमाम फेडरेशन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि प्रदेश के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में हरियाणा का नाम रोशन करते रहेंगे।

राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का नेतृत्व कर रहे हरियाणा ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष और



पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नई खेल नीति की बदौलत हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।सरकार द्वारा दिए ज रहे पुरस्कारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है।

बताया गया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 193 मेडल जीते हैं, जिनमें से 62 गोल्ड मेडल, 55 सिल्वर और 75 ब्रोंज मेडल हैं।

**अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है हरियाणा के इन खिलाड़ियों ने**

**योग में भी किया कमाल**

योगासन के इवेंट में हरियाणा ने दो गोल्ड मेडल, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जितने में सफलता हासिल की है। ग्रुप इवेंट बॉयज में अमित, राहुल, ऋषभ, अर्जुन, रोहित ने गोल्ड मेडल जीता जबकि बाकी इवेंट में खिलाड़ियों ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीते।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों के आधिकारिक समापन से पहले गुरुवार को हरियाणा वूमेन बीच हैंडबॉल टीम ने राष्ट्रीय खेलों के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले में गोल्ड मेडल प्रदेश की झोली में डाला जबकि इंडोर मैन हैंडबॉल टीम और इंडोर वूमेन टीम ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाए।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आखिरी लीग मैच में 5 विकेट से हराया

**विजेता टीम ने वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में खेलना पक्का कर लिया**

**बैंगलुरू,एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपने आखिरी लीग मुकाबले में श्रीलंका को 5 विकेट से हरा कर वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में खेलना पक्का कर लिया है।

इस जीत से न्यूजीलैंड के पॉइंट्स टेबल में सभी लीग मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं। श्रीलंका आखिरी लीग मैच हारकर 4 अंकों के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

बता दें कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कीवी टीम ने 172 रन का टारगेट 23.2 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर डेवोन कॉन्वे ने 45, रचिन रवींद्र ने 42 और डेरिल मिचेल ने 43 रन की शानदार पारियां खेलीं।



न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और श्रीलंका को 46.4 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट कर दिया। ओपनर कुसल परेरा ने 28 बॉल पर 51 रन की पारी खेली। उन्होंने 22 बॉल में इस वर्ल्ड कप की सबसे तेज फिफ्टी बनाई। ट्रेंट बोल्ट को 3 विकेट मिले। रचिन (565 रन) डेब्यू वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की कप्तान लेनिंग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 4 टी-20 वर्ल्ड कप और एक वनडे वर्ल्ड कप जिताया है**

**मेलबर्न,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लेनिंग ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बता दें कि उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर 13 साल का रहा। उन्होंने अपनी कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को 4 टी-20 वर्ल्ड कप और एक वनडे वर्ल्ड कप जिताया है। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल भी अपने नाम किया।

गौरतलब है कि वह इसी साल दक्षिण अफ्रीका में



फरवरी में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेली हैं।

लेनिंग फ्रेंचाइजी लीग खेलना जारी रखेंगी। लेनिंग डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान हैं। साथ ही,महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स की कप्तान हैं। लेनिंग ने आज मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का फैसला लेना मुश्किल था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैंने 13 साल के इंटरनेशनल करियर को एन्जॉय किया है। इसके लिए मैं खुद को भाग्यशाली समझती हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं क्या हासिल कर पाई हूं। मैं अपने परिवार, अपने साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।

# मिचेल ने की विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी

**16 साल बाद दोहराया यह कारनामा**

**नई दिल्ली,एजेंसी :** मिचेल सैंटनर ने वनडे वर्ल्ड कप के एक संस्करण में न्यूजीलैंड के किसी स्पिनर द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

बता दें कि सैंटनर, जो वर्तमान में विश्व कप 2023 में लाजवाब प्रदर्शन कर रहे हैं, टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लेने के बाद इस उपलब्धि पर पहुंचे। सैंटनर ने डेनियल विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

आज खेले गए मैच में सैंटनर ने एंजेलो मैथ्यूज और धनंजय डी सिल्वा का विकेट लिए। इन दो विकेटों की मदद से सैंटनर इस वर्ल्ड कप में अभी तक 16 विकेट ले चुके हैं। इसके साथ ही सैंटनर ने पूर्व न्यूजीलैंड के कप्तान डेनियल विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। विटोरी ने कैरेबियन द्वीप समूह में खेले गए 2007 वर्ल्ड कप में 16 विकेट लिए थे। सैंटनर को दो मुकाबले में विकेट नहीं मिले। पूणे में खेले गए साउथ अफ्रीका के खिलाफ और दूसरे पाकिस्तान के खिलाफ। अगर इन दोनों मैच में विटोरी को विकेट मिले होते तो सैंटनर विटोरी को पीछे छोड़ सकते थे। हालांकि, उनके पास अभी मौके आ सकते हैं अगर टीम सेमीफाइनल



और फाइनल में क्वालीफाई कर जाए।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।